

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 7 मई 2024 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-039 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 8 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# मौसम कूल-कूल,मतदान गरमा-गरम

## छत्तीसगढ़ में अंतिम चरण में जोरदार मतदान » पहले ही घंटे शेराडांड में 100% मतदान



मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 7 मई।** मौसम की उदारता ने मतदाताओं को राहत प्रदान कर दी है. लिहाजा इससे मतदान का प्रतिशत बढ़ने की संभावना है. तीसरे चरण के तहत आज प्रदेश के सरगुजा, रायगढ़, चांपा-जांजगीर, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग व रायपुर लोकसभा क्षेत्रों में मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखा गया। राजधानी में स्वयंसेवी संगठनों द्वारा पेयजल बांटने के लिए बनाए गए स्टाल में एक पार्टी की पर्ची देने को लेकर विवाद हुआ। वहीं बिलासपुर के मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के बसंतपुर व दुर्ग जिले के बेमेतरा के घाटोली गांव में मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार किया है। दोपहर 1 बजे तक 47% लोगों ने मतदान कर लिया था. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया जिला जशपुर में सपरिवार मतदान किया है। मुख्यमंत्री रायगढ़ से भाजपा प्रत्याशी के रिकार्ड मतों से जीतने का दावा किया है। मुख्य निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तृतीय चरण में 15 हजार से अधिक मतदान केंद्रों में मतदान कर्मी सुबह 6 बजे से ही ईवीएम, वीवीपैट को बैलेट यूनिट जोड़ने के लिए सक्रिय हो गए थे। कई स्थानों पर पहले तो परेशानी हुई, बाद में इसे दुरुस्त कर दिया गया। उत्तर विधानसभा क्षेत्र रायपुर की प्रभारी निधि साहू ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र की कमान महिलाएं संभाल रहीं हैं। पहले चरण में ईवीएम को लेकर शिकायत आई थी लेकिन इसे दूर कर दिया गया। रायपुर के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मायाराम सुरजन, सखाराम दुबे, आरडी तिवारी स्कूल, सरोना, खमतराई सहित विभिन्न स्थानों पर सभी दलों के नेता, कार्यकर्ता सक्रिय दिखे। दक्षिण विधानसभा में पुरानी बस्ती, टिकरापारा सहित अन्य मतदान केंद्रों में बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं महिलाओं की भीड़ देखी गई। आज सुबह से ही बदली छाई रही। जिसके चलते प्रातः सात बजे लोग मतदान करने पहुंच गए।

### समाजसेवी संगठनों की शिकायतें

कलेक्टर के निर्देश पर मतदान केंद्रों के आसपास सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों ने ठंडा पेयजल, ओआरएस घोल एवं नींबू पानी पिलाने के लिए स्टाल लगाया था। पुरानी बस्ती में इस स्टाल में बैठे सेवकों ने एक राजनीतिक दल के उम्मीदवार की पर्ची दे दी। इससे यहां पर बवाल मच गया। राजधानी के वीआईपी क्षेत्र कहे जाने वाले देवेन्द्र नगर में राज्यपाल सहित अनेक अधिकारियों ने भी अपने मतधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर गौरव सिंह एवं एसपी संतोष सिंह ने मतदान दलों की व्यवस्था का जायजा लिया। बीती रात से ही मतदान कर्मियों के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

### रायगढ़ में मतदान करने मतदाताओं में उत्साह

रायगढ़ लोकसभा में भाजपा के राधेश्याम राठिया और कांग्रेस की डॉ. मेनका सिंह के बीच सीधा मुकाबला है। यह लोकसभा क्षेत्र तीन जिलों में फैला हुआ है। सारंगढ़ में 59 मतदान केंद्र आते हैं। रायगढ़ जिले के अंतर्गत रायगढ़, लैलूंगा, धर्मजयगढ़ एवं खरसिया विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं में उत्साह देखा गया। जशपुर जिले में कुनकुरी, पत्थलगांव एवं जशपुर विधानसभा क्षेत्र आता है। चांपा-जांजगीर में भाजपा की कमलेश जांगड़े और कांग्रेस के शिव डहरिया के बीच सीधा मुकाबला है। जांजगीर-नैला में स्थानीय विधायक मोर्चा संभाले हुए हैं। जैजैपुर, पामगढ़, बिलाईगढ़ व सारंगढ़ में कांग्रेस के विधायक हैं। यहां पर हार-जीत का फैसला रिकार्ड मतों से होगा। भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों को उतारकर चुनावी माहौल बनाया है। दुर्ग में भी कांग्रेस के प्रत्याशी राजेन्द्र साहू और भाजपा के विजय बघेल के बीच मुकाबला है। यहां छुटपुट घटनाओं को छोड़कर कोई बड़ी शिकायत नहीं आई है। बेमेतरा में कई संगठनों ने मतदान का बहिष्कार किया है।

### दीदी और भाभी के बीच कड़ी टक्कर

कोरबा लोकसभा इस समय हाईप्रोफाइल चुनावी क्षेत्र बना हुआ है। भाजपा की सरोज पांडेय एवं कांग्रेस की ज्योत्सना महंत के बीच मुकाबला है। आदिवासियों की संरक्षित जाति कहे जाने वाले पंडो, बिरहोर एवं कोरवा जाति के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। कोरबा जिले में कोरबा, तानाखार, रामपुर विधानसभा क्षेत्र आता है। यहीं पर 10 लाख से अधिक मतदाता हैं जो कि हार-जीत का फैसला करेंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में ज्योत्सना महंत की जीत 30 हजार वोटों से हुई थी।

### दुर्ग लोकसभा में 1 बजे तक 46.68 प्रतिशत मतदान

**भिलाई, 7 मई ।** 1 बजे तक मतदान का प्रतिशत 46.68 हो गया जिसमे भिलाई नगर 40.59, वैशालीनगर 43.97, पाटन 54.52, दुर्ग ग्रामीण 53.12, दुर्ग शहर 42.37, अहिवारा 48.6, साजा 45.22, बेमेतरा 46.32 एवं नवागढ़ 45.11 प्रतिशत दर्ज किया गया।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में आज 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 93 सीटों पर सुबह 7 बजे से मतदान जारी है। तीसरे चरण में गुजरात (25 सीट) और गोवा (2 सीट) समेत केंद्र शासित प्रदेशों दादरा और नगर हवेली व दमन और दीव (1-1 सीट) की सभी सीटों पर मतदान होगा. मतदान वाली अन्य सीटों में असम की 4, बिहार की 5, छत्तीसगढ़ की 7, मध्य प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10 और पश्चिम बंगाल की 4 सीटें पर मतदान हो रहा है।

बैंकुठपुर जिला के शेराडांड मतदान क्रमांक 143 में पहले ही घंटे में 100% प्रतिशत मतदान हो गया था। इस मतदान केंद्र में मात्र 3 पुरुष व दो महिला मतदाता हैं.वहीं कोरबा जिले के पाली तानाखार अंतर्गत सैलागांव मतदान केंद्र में दोपहर 1 बजे तक एक भी मतदाता मतदान करने नहीं पहुंचा था. ग्रामीण सड़क बनाने की मांग कर रहे हैं. मौके पर प्रशासनिक टीम पहुंच गई है.

### मतदान केंद्र में हंगामा

**रायपुर,7 मई.** रायपुर के लालपुर स्थित एक मतदान केंद्र 279, में सुबह से लाईन लगाकर मतदान केंद्र पहुंचे मतदाता धीमी गति से मतदान कराए जाने से नाराज़ मतदाताओं हंगामा खड़ा कर दिया। शिकायत है कि अंदर से दरवाजा बंद कर दिया गया है।

### वोटिंग शुरू होते ही खराब हुई मशीन

**रायपुर,7 मई.** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए छत्तीसगढ़ की 7 लोकसभा सीटों पर मतदान शुरू होने के बाद सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें लगी रही. वहीं दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के के मतदान केंद्र में ईवीएम मशीन खाराब होने की खबर सामने आई है. लाइन में खड़े होकर के मतदाता इंतजार कर रहे हैं.

## संक्षेप

### जवान ने पहले ढाबा, फिर पेट्रोल पंप उसके बाद घर के बाहर चलाई गोली

**कवर्धा,7 मई.** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है. एक पुलिस जवान ने देर रात अपनी सर्विस राइफल से कई जगहों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है. वहीं इस मामले में एसएसपी अभिषेक पल्लव ने तत्काल एक्शन लिया और जवान को सस्पेंड कर दिया है. मिली जानकारी के अनुसार, जवान पहले से ही शादीशुदा है. लेकिन अन्य लड़की के साथ उसका अवैध संबंध था. युवती ने कुछ दिनों पहले ही जवान के खिलाफ 354 का मामला दर्ज कराया था. हालांकि इस मामले में जवान को जमानत मिल चुकी है. युवती जवान से शादी करने का दबाव भी बना रही थी, इस बात कोलेकर जवान काफी परेशान रहता था. इसी बीच कल देर रात उसने पहले ढाबे पर फिर पेट्रोल पंप में और अपने ही घर के बाहर फायरिंग की है. जवान की ड्यूटी क्वेशचन पेपर की सुरक्षा के लिए स्कूल के बाहर लगाई गई थी. जहां से निकलकर उसने फायरिंग की है. इसके बाद पुलिस ने जवान को गिरफ्तार कर लिया है और इंसास रायफल भी जब्त कर लिया है. इस मामले में कवर्धा एसएसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही तत्काल जवान को गिरफ्तार कर लिया गया है. साथ ही सस्पेंड भी कर दिया गया है.

### सड़क हादसे में एक की मौत

**धमतरी,7 मई.** भखारा रायपुर मार्ग पर देमार मुख्य रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चल रहे नाली निर्माण कार्य में लगे मजदूरों पर जा पलटी जिसमे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सुबह 9 से 10 बजे के करीब कुछ मजदूर देमार के पास मुख्य सड़क के किनारे नाली निर्माण कार्य में लगे थे तभी रायपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर मजदूरों के ऊपर जा पलटी जिसमे एक व्यक्ति मोहम्मद शुभान की मौके पर ही मौत हो गई वहीं कुछ मजदूर घायल हो गए । मामला थाना अर्जुनी क्षेत्र का बताया जा रहा है ,पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा गया।

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 मई तक बढ़ी

**नई दिल्ली,7 मई.** दिल्ली शराब नीति मामले में मनीष सिसोदिया को झटका लगा है. मामले से जुड़े सीबीआई के केस में कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 मई तक बढ़ा दी है. दिल्ली में स्थित राउज एवेन्यू कोर्ट अगली सुनवाई 15 मई को करेगा. वहीं सिसोदिया इसके अलावा दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के केस में न्यायिक हिरासत में पहले ही 8 मई तक है, ईडी और सीबीआई द्ध दोनो ही जांच एजेंसी दिल्ली शराब नीति मामले में सिसोदिया की भूमिका की जांच कर रहे हैं. पिछले साल फरवरी में सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया था.

## भाजपा की हुईं राधिका खेड़ा,शेखर सुमन भी भगवामय

**नई दिल्ली,7 मई.** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक राधिका खेड़ा मंगलवार को दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में भाजपा में शामिल हो गईं।



उन्होंने आरोप लगाया था कि छत्तीसगढ़ के पार्टी नेताओं ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया, उन्होंने कहा कि उन्हें राम भक्त होने की सजा दी गई। बीजेपी में शामिल होने के बाद खेड़ा ने कहा कि रामभक्त होने के नाते, रामलला के दर्शन करने के कारण कौशल्या माता की धरती पर मेरे साथ जिस तरह से दुर्व्यवहार किया गया, अगर मुझे भाजपा सरकार, मोदी सरकार का संरक्षण नहीं मिला होता तो मैं यहां तक नहीं पहुंच पाता। अभिनेता शेखर सुमन, जो आज भाजपा में शामिल हुए, ने कहा, कल तक मुझे नहीं पता था कि मैं आज यहां बैठूंगा क्योंकि जीवन में कई चीजें जाने-अनजाने में होती हैं।

### कितने की हुई डील, राधिका बताएं : भूपेश

रायपुर। राधिका खेड़ा के बीजेपी जॉइन करने पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि डील तो हुई है और कितने की डील हुई है ये राधिका खेड़ा बताएं. वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस नेताओं को विलुप्त प्रजाति का बता दिया है. जिस पर भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मतदाताओं को श्रद्धांजलि दे रहे हैं, बीजेपी के नेताओं का मानसिक स्थिति ठीक नहीं है.

## पीएम मोदी और अमित शाह ने डाला वोट



**गांधीनगर,7 मई.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह-सुबह गुजरात के अहमदाबाद में रानीप के निशान स्कूल पहुंचकर मतदान किया। वहीं गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद के निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में बने बूथ पर पहुंचकर मतदान डाला। वोट डालने पहुंचे पीएम मोदी का स्वागत गृह मंत्री अमित शाह ने किया।

पीएम मोदी सफेद कुर्ता-पायजामा और भगवा रंग की हाफ जैकेट पहनकर वोट डालने पहुंचे हैं। उन्होंने रास्ते में रुककर लोगों की ओर हाथ हिलाया और अपने एक स्केच पर साइन भी किया। इसके बाद मोदी ने एक युवती के साथ तस्वीर भी क्लिक करवाई।

### तीसरे चरण में मोदी के 10 मंत्रियों की अग्निपरीक्षा

1.अमित शाह, गृह मंत्री (गांधीनगर)
2. प्रहलाद जोशी, संसदीय कार्य मंत्री (धारवाड़)
2. नारायण राणे, मंत्री (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग)
4. ज्योतिरादित्य सिंधिया, नागरिक उड्डयन मंत्री (गुना)
5. मनसुख मांडविया, स्वास्थ्य मंत्री (पोरबंदर)
6. पुरुषोत्तम रुपाला, पशुपालन मंत्री (राजकोट)
7. श्रीपद नाइक, पर्यटन राज्यमंत्री (नॉर्थ गोवा)
8. एस पी सिंह बघेल, स्वास्थ्य राज्यमंत्री (आगरा)
9. देवू सिंह चौहान, संचार राज्यमंत्री (खेड़ा)
10. भगवंत खूबा, रसायन-उर्वरक राज्यमंत्री (बीदर)

### 5 पूर्व सीएम भी मैदान में

1. शिवराज सिंह चौहान, मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम
   लोकसभा सीट- विदिशा, भाजपा
2. दिग्विजय सिंह, मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम
   लोकसभा सीट- राजगढ़, कांग्रेस
3. नारायण राणे, महाराष्ट्र के पूर्व सीएम
   लोकसभा सीट- रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग,भाजपा
4. बसवराज बोम्मई, कर्नाटक के पूर्व सीएम
   लोकसभा सीट- हावेरी, भाजपा
5. जगदीश शेट्टार, कर्नाटक के पूर्व सीएम
   लोकसभा सीट- बेलगाम, भाजपा



## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व बृजमोहन ने डाला वोट





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मां जसमनी साय, पत्नी कौशल्या साय, बेटे तोशेंद्र साय, बेटी स्मृति साय, बहू राजकुमारी साय सहित पूरे परिवार ने लाइन में लगकर अपनी बारी आने पर मतदान किया. मतदान के बाद सीएम साय ने कहा कि जन-जन में मोदी और भाजपा के प्रति उत्साह है. विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लिए लोग कमल छाप पर जम कर मतदान कर रहे हैं. आगामी 4 जून को 400 पार होगा, और प्रदेश की सभी 11 सीटें हम जीतेंगे. वहीं दूसरी ओर रायपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने सपरिवार मौदहापारा के दुर्गा कॉलेज स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया. इसके पहले उन्होंने हनुमान मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना करने के बाद आशीर्वाद मांगा. मतदान के बाद उन्होंने कहा कि पूरे देश और प्रदेश में बीजेपी की लहर देखने को मिल रही है. वहीं कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय के आरोपों पर कहा कि हार की खीज है, इसीलिए अंतिम दिन ऐसा आरोप लगा रहे हैं.

## भाजपा पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप, विकास उपाध्याय बैठे धरने पर

**रायपुर,7 मई.** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान जारी है। इसी बीच रायपुर में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय पुरानी बस्ती सरस्वती स्कूल के सामने धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने भाजपा पर वोटिंग बूथों पर सामाजसेवी संस्थाओं की आड़ में प्रत्याशियों का प्रचार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने भाजपा पर आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि, मतदान के केंद्र में आँगन बाड़ी कार्यकर्ताओं स्वास्थ कार्यकर्ताओं से बीजेपी का प्रचार प्रसार नींबू शरबत बाटने के बहाने मतदाताओं से बीजेपी को वोट देने की दलाली करवा रहे हैं। विकास उपाध्याय वोटिंग बूथों से सामाजसेवी संस्थानों द्वारा लगाए गए नींबू पानी और अन्य पंडालों को तुरंत हटवाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे रहे।

## मतदाताओं के बीच लाइन में लगकर मंत्री, विधायक और प्रत्याशियों ने किया मतदान

**रायपुर,7 मई.** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए छत्तीसगढ़ की 7 लोकसभा सीटों पर मतदान जारी है. मतदाता बड़ी संख्या में उत्साह के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान कर रहे हैं. वहीं नेता और प्रत्याशी भी लाइन में लगकर मतदान कर लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा ले रहे हैं.

सूरजपुर लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी शशि सिंह आज अपने गृह ग्राम शिवपुर के पोलिंग भूत पहुंच कर अपना मतदान किया. साथ ही सभी सरगुजावासियों से ज्यादा से ज्यादा बोट करने की अपील किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे सरगुजा क्षेत्र से मुझे लोगों का अपार प्यार और आशीर्वाद मिला. निश्चित ही अगर जनता के आशीर्वाद और प्यार मिला तो सरगुजा की बेटी हूं, सरगुजा के लिए बहुत कुछ करने की सोच रखी हूं. सरगुजा की आवाज बनकर दिल्ली जाऊंगी.

बिलासपुर के बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. उन्होंने सरकंडा लोधीपारा के प्राथमिक शाला में कतर में लगकर मतदान किया. इसके साथ ही विधायक ने लोगों से मतदान करने की अपील की है.

राज्य की महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने गृह ग्राम बीरपुर के बोलिंग बूथ जाकर मतदान किया. लोकतंत्र के इस पर्व में लोगों से ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील भी की.

सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के सूरजपुर के प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मारवी ने अपने गृह ग्राम पटना पोलिंग बूथ में जाकर मतदान किया. इस दौरान विधायक भूलन सिंह मरावी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सरगुजा लोकसभा में हम 2 लाख से अधिक वोट से जीत रहे हैं. वहीं प्रेममगर विधानसभा से 40 हजार वोट का लीड रहने की बात कही. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के 11 सीटों में भी हम जीत रहे हैं, भाजपा के पक्ष में माहौल है.

बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने परिवार समेत मतदान किया. उन्होंने मतदाताओं के साथ लाइन में लगकर मतदान किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदाताओं में गजब का उत्साह का माहौल है. मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने वोट कर रहे हैं. कांग्रेस इस चुनाव में पूरी तरह बर्बाद होगी. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का पहले 71 फिर 75 पार का नारा फेल हुआ था.

रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के रायगढ़ विधायक और वित्त मंत्री ओपी चौधरी आयुर्वेदिक चिकित्सालय मतदान केंद्र 81 में पहुंचकर मतदान किया. कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडे चुनाव के बीच कोसाबाड़ी स्थित निर्मला स्कूल पहुंची. लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान हो रहा है. वहीं लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं. उन्होंने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की.

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सपरिवार मतदान किया. अरुण साव ने शेफर्ड स्कूल स्थित बूथ में लाइन में खड़े होकर मतदान किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि विकसित भारत को लेकर युवाओं बुजुर्गों और महिलाओं में उत्साह का माहौल है. लोग बड़ी संख्या में मतदान कर रहे हैं.

रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने मतदान किया. उन्होंने अपने माता तिलकुंवर राठिया का आशीर्वाद लेकर कतार में लगकर पत्नि निद्रावती राठिया के साथ वोट डाला. मतदान करने के बाद उन्होंने मतदान केंद्र में बने सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी भी ली.

कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने सुबह 8 बजे रेलडबरी 227 प्राथमिक शाला में मतदान किया. उन्होंने लोगों से मतदान करने की अपील की. साथ ही विधायक ने कहा, देश के मतदाता मोदी जी को चुनने के लिए आतुर है. कोरबा लोगसभा में सरोज पांडे चुनाव जीतकर आएंगी.

बिलासपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ लोरमी विधानसभा के बूथ क्रमांक 179 में मतदान किया. इस दौरान उन्होंने बिलासपुर लोकसभा सीट से 101त्न जितने का दावा भी किया है. उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में पंच से लेकर छत्तीसगढ़ शासन में विधायक और संसदीय सचिव के बाद बिलासपुर लोकसभा से बीजेपी ने उन्हें सांसद प्रत्याशी के रूप में चुना है जो उनके और उनके परिवार वालों के लिए गौरव का विषय है.

# दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में मतदान को लेकर अपूर्व उत्साह

एक नजर

## बीएसपी कर्मी से लाखों की ठगी

**भिलाई, 7 मई।** भिलाई गाना डॉट कॉम का झांसे में आकर बीएसपी कर्मी ने ळाखों रुपए का ठगी का शिकार हुआ। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है भठ्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर - 2 सडक 8 क्वाटर नंबर 1 सी निवासी रविशंकर पाण्डेय ने गाना डॉट कॉम ऐप में 99 रूपये का आटो पे होने पर बैंक खाते से पैसा कटने पर गुगल में गाना डॉट कॉम का कस्टमर केयर नंबर सर्च किया इसके बाद अज्ञात मोबाईल नंबर से से पीड़ित को रूपये वापस करने के नाम पर 1 लाख 18 हजार 449 रुपए का ठगी किया। पीड़ित बीएसपी कर्मी है। ऑन लाईन गाना सुनने गाना डॉट कॉम ऐप में 99 रूपये का मंथली रिचार्ज ऑन लाईन किया था। कस्टमर केयर से जब पीड़ित ने जब बात किया तो शिकायत के निराकरण करने कंपनी के सीनियर फोन पर बात करने का झांसा दिया गया। एप में कुछ प्रोसेस करने को पीड़ित से अज्ञात मोबाइल धारक ने कहा रुपए वापस मिलने के चक्कर में खाता से 24 हजार 998, 20 हजार रूपये कटने का मैसेज ।

## अधेड़ ने खुदकुशी की

**भिलाई, 7 मई।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र अघेड फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है पुलिस ने बताया कि अहिवारा से 5 किलोमीटर दूर ग्राम गिरोला में तालाब के पास पेड़ पर एक अधेड का शव फांसी पर लटकता मिला सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को शिनाख्त किया मृतक की पहचान गिरधारी यादव को रुप में हुई मृतक खेती किसानी का काम करता था मृतक के पास से एक सुयाडल नोट भी बरामद हुआ है जिसमें बीमारी से परेशान होना लिखा हुआ था।

## ठेका श्रमिक की मौत

**भिलाई, 7 मई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में दुर्घटनाओं को सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा फिर सेक्टर नौ में एक ठेका मजदूर की मौत हो गई। बीएसपी में काम करने वाले ठेका मजदूर लाल बहादुर सिंह ( 52 वर्ष ) ठेकेदार सुजीत पाल के अंडर में कार्यरत थे कंपनी के सुपरवाईजर आसाराम चौधरी के साथ सेक्टर - 9 में निर्माणाधीन पंप हाउस में पैनल बिठाने का काम कर रहे थे। अचानक संतुलन खोने से लाल बहादुर 20 फीट गहरे गड्ढे में गिर गए इससे उनके सर पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल सेक्टर नौ हास्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## ग्राम परसाही के कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधा समां



**भिलाई, 7 मई।** जागृति साहित्य समिति उतई द्वारा विगत शनिवार को संध्या 6 बजे ग्राम परसाही पाटन का कवि सम्मेलन अद्भुत रहा। कर्मा माता के नाम पर विशेष रूप से यह कार्यक्रम समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित होकर अपनी सफलता के चरम में पहुंच गए। इस कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवि डॉ यशवंत यश सूर्यवंशी जो कोई पहचान के मोहताज नहीं,जो टी.वी.,अखबार, सोशल मीडिया, बड़े बड़े मंचों में अनवरत प्रस्तुत होते रहते हैं। जिनकी छत्तीसगढ़ी पुस्तक सिखौना सबको सीखने की सीख देती है। ऐसे कवि डॉ यशवंत यश सूर्यवंशी को सुनकर जनता वंस मोर वंस मोर की शोर से महफिल गूंज उठी। रघुनाथ देशमुख ने बेहतरीन सम सामयिक रचना पढ़ी। विष्णु राम कुर्रे ने छत्तीसगढ़ी रचना पढ़ छा गए। चिंतामणी साहू ने हास्य व्यंग की रचना से खूब गुदगुदाया। इस कार्यक्रम के संयोजक संचालक कवि डॉ रमाशंकर सोनी ने काव्य पाठ एवं संचालन कर कार्यक्रम को सफलता की शिखर पर पहुंचाए।

## चुनई तिहार में शामिल होने जिला प्रशासन ने दिया मतदाताओं को न्योता

**दुर्ग 7 मई ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत् एक और अभिनव पहल की गई है। मतदान फीसदी बढ़ाने के उद्देश्य से पंचायत सचिव, बीएलओ एवं युवोदय दुर्ग के दूत स्वयंसेवकों के माध्यम से छत्तीसगढ़ी बोली में आमंत्रण पत्र वितरित किये जा रहे है। जिसमें मतदातागणों को मतदान का महत्व बताते हुए चुनई तिहार में शामिल होकर मतदान करने की अपील की गई है।

- **सुबह से ही वोट देने के लिए लग गयी कतारें**
- **साजा, भिलाई, वैशालीनगर, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा एवं नवागढ़ में शांतिपूर्ण मतदान**

**भिलाई, 7 मई।** दुर्ग संसदीय क्षेत्र में आज सुबह से लोग उत्साह एवं उमंग के साथ मतदान कर रहे हैं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच इस लोकसभा क्षेत्र के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों भिलाईनगर, वैशालीनगर, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा एवं नवागढ़ में मतदान शांतिपूर्वक चल रहा है। सुबह 9 बजे पहले राउंड में 13. 96 प्रतिशत हुआ था। जिसमें भिलाई नगर 11.46, वैशालीनगर 14.29, पतन 16.36, दुर्ग ग्रामीण 18.74, दुर्ग शहर 13.27, अहिवारा 18.99, साजा 10.45, बेमेतरा 11.51 एवं नवागढ़ 11.13 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 11 बजे दूसरे राउंड में मतदान का प्रतिशत 29.99 हो गया जिसमे भिलाई नगर 26.95, वैशालीनगर 20.31, पाटन 35.98, दुर्ग ग्रामीण 37.16, दुर्ग शहर 25, अहिवारा 20.31, साजा 27.88, बेमेतरा 31.64 एवं नवग्रह 31.27 प्रतिशत दर्ज किया गया।


### सभी वर्ग के लोगों ने किया मतदान

बुजुर्ग से लेकर दिव्यांग, महिला एवं युवा मतदाताओं ने सुबह से ही मतदान केंद्रों की ओर रुख किया एवं मतदान के त्यौहार में हिस्सा लेकर मजबूत लोकतंत्र के प्रहरी होने का अपूर्व उदाहरण प्रस्तुत किया। राजनीतिक दलों के लोगों से लेकर सामान्य मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। स्वयं के साथ अपनी बुजुर्ग माताजी को व्हील चेयर पर परिवार के साथ अपने मत का प्रयोग करने पोलिंग बूथ पर ले आये भ्रष्टाचार निरोधक समिति से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश खंडेलवाल ने बताया कि उनकी मम्मी अस्वस्थ होने के बावजूद वोट को लेकर सुबह से ही उत्साहित रहीं एवं जल्दी ही तैयार हो गयीं। भिलाई के सुविख्यात होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. तरण सोंधी ने मतदान के बात सेल्फी ली और तरुण छत्तीसगढ़ को पोस्ट करते हुए लोगों से भी मतदान में हिस्सा लेने की अपील की। भिलाई विधान सभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी रहे समाजसेवी अशोक शर्मा ने वोट डालने के बाद बताया कि भारतीय लोकतंत्र की दुनिया में कोई सानी नहीं है।



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और दुर्ग लोकसभा के लाभार्थी संयोजक ब्रजेश बिचपुरिया ने दिया वोट।





















कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मतदान केंद्र पहुंच कर मतदान किया। उन्होंने सेल्फी जोन में फोटो के माध्यम से मतदान कर लेने जानकारी दी। साथ ही लोगों को मतदान करने की अपील की।





जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने अपनी पत्नी के साथ किया मतदान ।



उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे अपनी माताजी तथा पत्नी के साथ किया मतदान



विधायक रिकेश सेन ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वैशाली नगर में मतदान किया।





आई जी राम गोपाल गर्ग ने सपत्नीक किया मतदान।

## वोटिंग मशीन में तकनीकी फॉल्ट के कारण मतदान में देरी, लोग भड़के



**भिलाई, 7 मई।** भिलाई के शंकर नगर छावनी शासकीय हाई स्कूल वार्ड 40 बूथ नंबर 130 का वोटिंग मशीन में तकनीकी फॉल्ट होने के कारण देरी हुई। सुबह 6-30 से लाइन में खड़े बुजुर्ग महिलाएं एवं पुरुष परेशान हो रहे थे। वोटिंग मशीन सुधारने के लिए तुरंत इंजीनियर को बुलाया गया तब जाकर 8-30 बजे मशीन चालू हुआ। देरी के होने के कारण लोग भड़के, कई वापस चले गए। यहाँ समाजसेवी राजू गुप्ता ने उपस्थित होकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया।



सांसद एवं बीजेपी प्रत्याशी विजय बघेल ने अपनी पत्नी रजनी बघेल एवं परिवार के साथ किया मतदान।

## बीएसपी क्रिकेट टीम ने सेमी फाइनल जीत फाइनल में बनाई जगह



**भिलाई, 7 मई ।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा 3 मई को शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर में अंतर जिला टी-20 सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित की गई थी। इस रोमांचक मुकाबले में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम ने प्लेट कंबाइंड को 3 विकेट से हराकर अंतिम मैच पर अपनी जगह बना ली है। अमनदीप खरे ने कप्तानी पारी खेलते हुए शानदार शतक बनाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। अमनदीप खरे सेमीफाइनल मैच के स्टार रहे, जिन्होंने सिर्फ 59 गेंदों में 11 चौकों और 5 छक्कों के साथ 105 रन बनाए। प्लेट कंबाइंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 168 रन बनाये। 20 ओवर के बाद, अमित यादव ने 50 और आशुतोष सिंह 42 रन बनाए। बीएसपी की गेंदबाजी में विजय शर्मा ने 3 विकेट, देव आदित्य सिंह ने 2 विकेट, ऐश्वर्या मरिया और सौरभ खैरवार ने 1 विकेट प्राप्त किये। बीएसपी की बल्लेबाजी में, अमनदीप खरे ने 59 गेंदों में 11 चौकों और 5 छक्कों के साथ 105 रन बनाए, जबकि शुभम मौर्या ने 20 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से गेंदबाजी करते हुए, एरियन डेवाइड ने 2, सत्यम दुबे ने 2 और हर्ष यादव ने 2 विकेट प्राप्त किये। बीएसपी टीम के कप्तान अमनदीप खरे और कोच राजा बनर्जी के मार्गदर्शन में, बीएसपी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फ़ाइनल मैच में अपनी जगह बना ली है।













अ भा अग्रवाल महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रहीं भाजपा नेत्री श्रीमती अनिता अग्रवाल ने किया मतदान।

## भिलाई इस्पात मजदूर संघ की मांग पर टाउनशिप में दो टाइम पानी शुरू




भिलाई, 7 मई। भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल एवं प्रबंधन से काफी लंबे समय से दोनों समय जलापूर्ति करने की मांग की थी जिसके परिणाम स्वरूप सोमवार शाम से दोनों समय जलापूर्ति प्रारंभ की जा रही है। यूनियन के पदाधिकारी शारदा गुप्ता ने बताया कि भिलाई टाउनशिप के निवासियों की लंबे समय से अपेक्षित मांग पूर्ण होने पर यूनियन के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य सांसद विजय बघेल एवं बीएसपी प्रबंधन को आभार व्यक्त किया है।

### कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पेंदाकोड़ो में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

**मोहला 7 मई ।** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पेंदाकोड़ो विकासखंड मोहला में सत्र 2024-25 कक्षा 6 वी में रिक्त 18 सीट बालिकाएं हेतु प्रवेश आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। निम्नलिखित समूह की बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी। शाला अप्रवेशी/शाला त्यागी बालिकाएं, पालक/अभिभावक नहीं होने के कारण शिक्षा से वंचित बालिकाएं, आर्थिक अथवा किसी अन्य कारण से आगे की पढ़ाई से वंचित होने की संभावना, नक्सल प्रभावित क्षेत्र के कारण शिक्षा से वंचित बालिकाएं, 5 किलोमीटर से अधिक की दूरी एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र की बालिकाएं, विशेष आवश्यकता वाली निशक्त बालिकाएं, ऐसी बालिकाएं जिनकी उम्र अन्य बालिकाओं से अधिक हो, कठिन भौगोलिक कारणों से प्रारंभिक शिक्षा से वंचित बालिकाएं, सहित अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व. एवं अल्पसंख्यक समुदाय की बालिकाएं को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी।

## मौसम में बदलाव, अंधड़ चलने की संभावना



**भिलाई, 7 मई।** मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। रात में उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेचैन किया तो सुबह एकाएक बदल लग गए और 11 बजते-बजते तेज धुप निकल गयी और गर्मी ने अपन रंग दिखाना शुरू कर दिया । इसी बीच खबर आ रही है कि हल्की वर्षा अंधड़ से वातावरण बदल सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि एक चक्रवाती परिसंचरण दक्षिणी झारखंड और आसपास के क्षेत्र में समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर स्थित है। एक ट्रफ रेखा दक्षिण झारखंड से पश्चिम मध्य प्रदेश तक चक्रवाती परिसंचरण के ऊपर से समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर बनी हुई है। समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर पूर्वी विदर्भ से लेकर तेलंगानाङ्करायलसीमा - दक्षिण आंतरिक कर्नाटक से दक्षिण तमिलनाडु तक एक ट्रफ/हवा का विच्छेदन बना हुआ है। प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है । प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने एवं अंधड़ चलने की संभावना है। कुछ स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना है । अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गयी जो सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस अधिक है वहीं न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। सापेक्षिक आर्द्रता 52-22 प्रतिशत रही।

## शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित हुए बीएसपी अधिकारी एवं कर्मचारी



**भिलाई, 7 मई ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में विगत दिनों आयोजित शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह में, यूटिलिटी जोन से उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी ने की। अति उत्तम कार्य प्रदर्शन के लिए सहायक महाप्रबंधक मनीष प्रकाश होरो को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चीफ मास्टर आपरेटर चैन दास टड़न एवं आपरेटर सह तकनीशियन मोहम्मद पैगम्बर को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभारी उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक मोहम्मद नदीम खान, महाप्रबंधक एम वी बाबू, महाप्रबंधक एस के क्षत्री, महाप्रबंधक सुमंत भट्टाचार्जी उपस्थित थे। मेजबानी कार्मिक अधिकारी- उप प्रबंधक गिरीश कुमार मढ़रिया ने की। संचालन कार्मिक मिहिर मनोहर तथा धन्यवाद ज्ञापन संतोष कुमार कटहरे द्वारा किया गया ।

## एक नजर

### आदतन अपराधी गिरफ्तार



**राजनांदगांव 7 मई।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे असामाजिक तत्वों के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 06.05.2024 को जरिये मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि मोनू बांसफोड़ नामक व्यक्ति बैगापरा अटल आवास चौक के पास अपने हाथ में चाकू लेकर लोगो को डरा धमका रहा है, आसपास के लोग दहशत में है। कि सूचना पर तत्काल मौका पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़े नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता मोनू बांसफोड़ पिता गणेश बांसफोड़ उम्र 19 वर्ष साकिन अटल आवास बैगापारा लखोली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) बताया, जिसके कब्जे से एक नग लोहे का धारदार चाकू जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के विरूद्व आर्म्स एक्ट के तहत प्रर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने से थाना कोतवाली राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 270/24 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया, आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आरोपी आदतन अपराधी है, इसके खिलाफ पूर्व में अप0 क्र0 699/21 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि0 एवं अप0क्र0 594/23 धारा 3 (2) छ0ग0 जुआं प्रतिषेध अधिनियम 2022 कायम कर चालान न्यायालय पेश किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री एमन साहू, उप निरीक्षक रतन सिंह नेताम, प्र0आर0 जी0 सिरिल, आरक्षक रंजीत चौउरसिया एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### दहेज में मांगे 10 लाख, पत्नी-बेटी को घर से निकाला

**राजनांदगांव 7 मई।** रायपुर की रहने वाली एक विवाहित महिला ने पति पर दहेज मांगने का आरोप लगाया है। उक्त महिला ने बताया कि उसे और उसके बच्चे को घर से बेदखल करने के साथ 10 लाख रुपए की मांग की जा रही है। सोमवार को प्रेसवार्ता में रायपुर की रहने वाली नैना अंबादे ने बताया कि महिला थाना पुलिस ने डोंगरगढ़ के मिसियाबाड़ा के रहने वाले देवेन्द्र कुमार अंबादे के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित कर अपनी पत्नी व मासूम बेटी को घर से निकाल देने की रिपोर्ट पर धारा 498-ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि वह 13 मार्च 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि शादी के 9 महीने बाद से ही उसे 10 लाख रुपए दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। 2018 में बेटी होने के बाद और प्रताड़ित किया जाने लगा। फरवरी 2019 को पत्नी व बेटी को आरोपी ने ससुराल के अन्य लोगों के साथ मिलकर घर से निकाल दिया, तब से वह अपने मायके हीरापुर मोहबा बाजार में रह रही है। 2019 में भरण-पोषण का केस दायर करने पर वे लोग तीन बार कोर्ट आए। 2023 में उसे रखने भी तैयार हो गए, लेकिन प्रताडऩा का दौर तब भी बंद नहीं हुआ। महिला थाना में एफआईआर दर्ज कर विस्तृत जांच प्रारंभ की गई है।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नए मानक ग्रेड के रूप में इनोवा क्रिस्टा जीएक्स प्लस पेश किया

**रायपुर 7 मई।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने इनोवा क्रिस्टा लाइनअप में नए ग्रेड, जीएक्स की शुरुआत की घोषणा की। ग्राहक केंद्रितता पर कंपनी के फोकस से प्रेरित होकर, नया ग्रेड उन्नत सुविधाओं का दावा करता है और इस प्रकार ग्राहक की प्राथमिकताओं के अनुरूप उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए टीकेएम की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इनोवा क्रिस्टा लाइन अप को पुनर्जीवित करते हुए, नई पेश की गई इनोवा क्रिस्टा जीएक्स पेड 14 अतिरिक्त सुविधाओं से भरी हुई है, जो सामंजस्यपूर्ण रूप से कार्यात्मक और सौंदर्य संवर्द्धन का मिश्रण है और ड्राइविंग के समग्र अनुभव को बढ़ाती है। इनोवा क्रिस्टा जीएक्स की मुख्य विशेषताओं में रियर कैमरा, ऑटो फोल्ड मिरर, डीवीआर जैसी कार्यात्मक विशेषताएं शामिल हैं, साथ ही डायमंड-कट अलॉय, वुडन पैनल और प्रीमियम फैब्रिक सीट जैसी सौंदर्य वृद्धि भी शामिल है।

### अक्षय तृतीया घर लाएँ समृद्धि

**रायपुर 7 मई।** 80 वर्षों से अधिक की विरासत वाले प्रमुख ज्वेलरी रिटेलर, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ने अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर बैंगल फेस्टिवल और विशेष ऑफर्स की शुरुआत की है। पूरे भारत में ब्रैंड के 158 से अधिक स्टोर्स हैं। टीआरए की ब्रैंड ट्रस्ट रिपोर्ट 2024 में इसे लगातार चौथे वर्ष भारत के दूसरे सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रैंड के रूप में स्थान दिया गया है। अक्षय तृतीया का त्यौहार पश्चिम बंगाल ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस दिन को सोने की खरीदी करने और अन्य कीमती वस्तुओं में निवेश करने के लिए सबसे शुभ समय माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इससे घर में सौभाग्य और समृद्धि का संचार होता है। सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स अपने ग्राहकों को 8 अप्रैल से लेकर 12 मई, 2024 तक विशेष छूट दे रहा है। इसके तहत ग्राहकों को डायमंड ज्वेलरी और पोल्की ज्वेलरी के लिए मेकिंग चार्ज पर 60त्न तक की छूट मिलेगी। इतना ही नहीं पूरे भारत में डायमंड वैल्यू पर 5त्न तक की छूट मिलेगी। इसके अलावा, ब्रैंड द्वारा मेकिंग चार्ज पर 25% तक की छूट और सोने की दरों पर प्रतिस्पर्धी ऑफर्स की पेशकश की जा रही है। इस ऑफर के तहत ग्राहक 2000 से अधिक एक्सक्लूसिव ज्वेलरी विकल्पों में से पसंदीदा का चयन कर सकते हैं। इनमें 15,000 रुपए से लेकर 2,00,000 रुपए तक की कीमत वाले प्रोडक्ट्स शामिल हैं, जिन्हें रोजमर्रा में पहना जा सकता है। इन्हें विशेष रूप से बैंगल फेस्टिवल हेतु सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के कुशल कारीगरों द्वारा डिज़ाइन किया गया है।

# शासकीय जमीन को निजी बताकर लीज में देने का आरोप

## मामला ग्राम पंचायत पाईकभाटा में पत्थर उत्खनन का

■ ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत कर लीज निरस्त करने की मांग की है

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 7 मई।** सिहावा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पाईकभाटा में शासकीय जमीन को निजी जमीन बताकर उसे पत्थर उत्खनन के लिए लीज पर दिए जाने का मामला सामने आया है ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से कर लीज को निरस्त करने की मांग की है सोमवार को शिकायत लेकर कलेक्टर आफिस पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि बेलरगांव तहसील अंतर्गत ग्राम पाईकभाटा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 795 को पूर्व में लीज पर दिया गया था जिसकी लीज अवधि 5 वर्ष पूर्व समाप्त हो चुकी है वर्तमान में नगरी के एक ठेकेदार द्वारा गोण खनिज पत्थर उत्खनन करने क्रेशर मशीन लगाने के लिए उक्त खसरा नंबर 795 के भाग में से 120 हेक्टेयर भूमि को अपनी निजी भूमि बताते हुए खनिज विभाग में अनैतिक तरीके से आवेदन प्रस्तुत किया गया इसके बाद विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार द्वारा शासन की नियमों एवं शर्तों को तात्पर रखते हुए शासकीय भूमि को निजी बात कर लीज पर दिया गया है जो की पूर्ववर्त पूर्णता है वैधानिक है यहां तक की ग्राम पंचायत में भी

गलत तरीके से आवेदन प्रस्तुत किया गया इसके बाद विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार द्वारा शासन के नियमों एवं शर्तों को ताक पर रखते हुए शासकीय भूमि को निजी बताकर लिज पर दिया गया है जो की पूर्णतः अवैधानिक है यहां तक की ग्राम पंचायत पर ग्राम सभा से भी एनओसी नहीं लिया गया है गांव में हो रहे इस अवैधानिक कार्य का सभी ग्राम वासियों द्वारा विरोध किया जा रहा है ग्रामीणों ने बताया कि उक्त खसरा नंबर 795 की भूमि को ग्राम वासी दी डोंगरी के नाम से जानते हैं और यहां गांव की आराध्य देवी मां शीतला देवी पहाड़ वाली माता व नर वाली माता का निवास है पूर्व में मनमानी तरीके से खनन के कारण उक्त जमीन में 500 से 700 फीट तक गहरा खाई बन गया है यहां जान माल का डर हमेशा बना रहता है वही ग्रामवासी पिछले 4 महीने से पारंपरिक कार्य गांव बनाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन पहाड़ी में पत्थर के तोड़फोड़ के चलते यह कार्य नहीं हो पा रहा है जिसमें पारंपरिक कार्य एवं रीति-रिवाज में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है ग्रामीणों की मांग है कि उक्त लिज को तत्काल निरस्त कर प्रकरण में जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग किया है, उक्त मांग को लेकर पाईकभाटा के सरपंच एवं उप सरपंच के साथ ग्राम देव समिति अध्यक्ष अवरुद्ध मरकाम, सचिव योगेश गुलाब, हेमंत कुमार, अनिल कुमार,फूल सिंह,चिंतामणि,राजेंद्र,कमल नारायण,हरिशचंद्र नेताम अमरचंद जयराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे थे,

### स्थानीय प्रशासन शिकायत पर नहीं करता कार्रवाई

यहां बताना लाजिमी है कि इस आदिवासी विकास खंड में अधिकारियों की मिली भगत से अवैधानिक कार्य जोरों से चल रहा है लोगों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र में गौण खनिज,खनन अतिक्रमण अवैध ईंटभट्ठा सहित लकड़ी चोरी कर फर्नीचर मार्ट चलाना जैसे अवैध कार्य संबंधित अधिकारियों के संरक्षण में धड़ल्ले से हो रहा है शिकायत पर जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते इसके कारण अवैध कार्य में संलिप्त लोगों के हौसले बुलंद हैं, शिकायत पर सिर्फ खानापूर्ति किया जाता है,नगर में चर्चा है कि पैसे के दम पर कोई भी अवैध कार्य करलो कोई रोकने वाला नहीं है।

## स्वामी आत्मानंद का नाम हटाकर पछताएगी भाजपा: भूपेश बघेल

**रायपुर 7 मई ।** स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना का नाम बदलने की भाजपा सरकार की योजना पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि अगर ऐसा होता है तो यह दुर्भाग्यजनक होगा और ऐसा करके भाजपा समाज में ग़लत संदेश देगी और बाद में पछताएगी. उन्होंने कहा कि राजनीतिक व्यक्तियों के नाम से चल रही योजनाओं का नाम बदलना भाजपा की फितरत रही है पर छत्तीसगढ़ के एक विश्वविख्यात संत और आध्यात्मिक व्यक्ति के नाम पर चल रही योजना का नाम बदलने से पता चलता है कि अब भाजपा को संतों और धार्मिक व्यक्तियों से भी दिक्कत होने लगी है। उन्होंने कहा है कि स्वामी विवेकानंद का रायपुर से नाता रहा है और इसीलिए स्वामी आत्मानंद ने छत्तीसगढ़ में रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद भावधारा का प्रचार प्रसार करने का फ़ैसला किया था. समाजसेवा को उन्होंने सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी. श्री बघेल ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ में भीषण सूखा पड़ा था तब उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए एकत्रित दान राशि को सूखा राहत कार्यों में लगाने का फ़ैसला किया था. वे जीवनपर्यंत स्वामी विवेकानंद के 'दरिद्र नारायण' की अवधारणा का पालन करते रहे और रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम के माध्यम से ग़रीबों और ज़रूरतमंदों की सहायता करते रहे। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि स्वामी आत्मानंद आरंभ से ही मेधावी छात्र रहे और नागपुर विश्वविद्यालय में गणित में एमएससी प्रवीणता के साथ पास की थी. उनकी जीवनी में लिखा है कि वे आईएएस (तत्कालीन आईसीएस) के लिए चयनित हो गए थे पर जनसेवा के लिए उन्होंने संन्यास का रास्ता चुना. उनके ज्ञान की वजह से दुनिया भर में उन्हें प्रवचन देने के लिए बुलाया जाता था. छत्तीसगढ़ में हमेशा उन्हें गौरव के रूप से देखा जाता रहा है। इसीलिए जब वंचित वर्ग के बच्चों के लिए कांग्रेस की सरकार ने अंग्रेज़ी माध्यम के स्कूल खोलने का निर्णय लिया तो योजना को स्वामी आत्मानंद जी के नाम पर रखने का फ़ैसला किया गया।

# प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ने किया बच्चों के लिए पांच दिवसीय लक्की स्टार्स समर कैंप का आगाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 7 मई।** दिनांक 06 मई 2024 को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी द्वारा ग्रीष्मावकाश में बच्चों के लिए पांच दिवसीय लक्की स्टार्स समर कैंप का आगाज किया गया। इस समर कैंप के प्रथम दिवस में में नगरी अंचल के लगभग 85 बच्चों ने शिरकत की। समर कैंप का प्रथम दिवस मैजिक आफ मेडिटेशन एवं टेलिंग स्टोरी थीम पर आधारित रहा। लक्की स्टार्स समर कैंप का सत्र प्रातः 9: 00 बजे से शुरू हुआ सर्वप्रथम पीतांबर भाई द्वारा टेलिंग स्टोरी पर चर्चा करके मन की एकाग्रता पर आधारित सुंदर गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात बच्चों ने एक-एक करके शिक्षाप्रद कहानियां प्रस्तुत की। कुछ बच्चों ने मोटिवेशनल पोयम भी सुनाया। इसके पश्चात राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने बच्चों को शुभाशीष देते हुए कहा समर कैंप एक ऐसा आयोजन है जिसमें हम कोशिश करते हैं कि बच्चों में नैतिक, शारीरिक, मानसिक गुण विकसित कर सके विभिन्न प्रकार की कला, खेल, कहानी, मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से बच्चों में सकारात्मक बदलाव ला सके जो कि उनके जीवन में सही दिशा प्रदान करें तथा व्यक्तित्व निर्माण में सहायक हो। इस समर कैंप का उद्देश्य है बच्चों में बौद्धिक व नैतिक मूल्यों का विकास हो। इसके लिए मेडिटेशन की नितांत आवश्यकता है ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने आगे कहा किसी भी कार्य की सफलता के लिए एकाग्रता बेहद जरूरी है जो की मेडिटेशन से ही प्राप्त होती है जिससे जीवन में संयम कार्यों में दृढ़ता व्यवहार में कुशलता आती है तथा सभी बच्चों को मेडिटेशन का अभ्यास कराया। अंत में सभी बच्चों को समर कैंप की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । सभी बच्चों ने बड़े ही उमंग उत्साह के साथ खुशी का इजहार करते हुए प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया निशा मैडम द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार की ताली एवं मनोरंजक डांस कराया जिसका बच्चों ने खूब आनंद लिया। यह समर कैंप दिनांक 06 मई 2024 से 10 मई 2024 तक आयोजित रहेगा।



# रेत माफिया सरकारी आदेश का उड़ा रहे मजाक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगांव 7 मई।** इन दिनों रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। रेत माफिया खुलेआम अपने माज़दा जैसे वाहन में भरकर रेत बेच रहे हैं। शासन को लाखों के राजस्व की चपत लगा रहें है । प्रशासन चुप्पी साध कर बैठा है कोई कार्रवाई नहीं होती है।बारिश के दिनों मे रेत के दाम आसमान छूने लगते है, रेत माफिया दिन रात रेत की अवैध निकासी मे लगे रहते जिससे वो अधिक से अधिक मात्रा मे रेत डंप कर सके और उसे बारिश से लेकर ठण्ड के दिनों तक ऊंचे दामों मे बेच सके। रेत माफियाओं द्वारा प्रतिदिन ट्रेक्टर ट्राली, माज़दा और डम्फर भर कर रेत का परिवहन करते है डोंगरगांव करीब ग्राम बंशीबंजारी गांव से लगे नदी से प्रतिदिन दर्जनों गाड़िया रेत निकला जा रहा है और रेत को नर्सरी एवं आसपास के जगहों मे डंप किया जा रहा है । इसके अलावा नदी नालों से रेत निकालने और डंप कर ऊँचे दामों मे बेचने का अवैध कारोबार जारी है आज टीम द्वारा जब पतासाजी की गई तब ग्राम बंशीबंजारी के नदी मे स्पॉट मे 4 माज़दा लगा हुआ था, जिसका वाहन क्रमांक छ्त्त 08 रु 2358 , दूसरा छ्त्त 08,त 0515 ,तीसरा छ्त्त 04 7909 चौथी गाडी का नंबर नोट नहीं हो पाया तथा रेत भरने वाले मजदूरों से पूछ ताछ मे उन्होंने रेत कारोबार एवं गाड़ी मालिक (छ्त्त 08 रु 2358 ) संजय साहू निवासी ग्राम बंशीबंजारी ?तथा बाकि 2 गाड़िया लोकेश निर्मलकर निवासी मोतीपुर का होना बताया पाया गया ?स्पॉट मे जब माइनिंग के अधिकारी को काल किया गया तब उन्होंने व्यस्त होने के साथ कल मौके पर मुआयना की बात की और तहसीलदार सर को काल करके जानकारी देने को बोल कर काल कट कर दिया, तब डोंगरगांव तहसीलदार नाग सर को काल करने पर बंशीबंजारी को कुमर्दा तहसीलदार के अंदर होना बताया,तत्पश्चात कुमर्दा तहसीलदार ने चार्ज मे ना होने के साथ चौकी तहसीलदार को काल करने का बोल कर उन्होंने भी असमर्थता जताई, चौकी तहसीलदार सर ने काल ही नहीं उठाया। इसी कारण रेत माफियाओं के अवैध कारोबार बहुत अच्छे तरीके से फल फूल रहे है कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं है।

### पीएम सूर्यघर योजना में छत्तीसगढ़ को देश का अग्रणी राज्य बनाएं

**रायपुर, 7 मई ।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में आरईसी के चेयरमेन-एमडी विवेक कुमार देवांगन ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पीएम-सूर्यघर योजना एवं आरडीएसएस योजना के विभिन्न घटकों के कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए और कहा कि इस योजना को प्रदेश के घरेलू उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। शहरी क्षेत्रों में बने पक्के मकानों की छतों में सोलर पैनल लगाकर लोगों को बिजली उत्पादन के लिए प्रेरित करें, इससे उनके घर का बिजली बिल बहुत कम हो जाएगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के आयोजित बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के चेयरमेन पी दयानंद ने की।

## एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित

# जीवन में सफल होने के लिए कैरियर के बहुत से अवसर:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 7 मई ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल आज जेएमजे गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव में आयोजित नेशनल कैडेट कोर के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने युवाओं को कैरियर के संबंध में मार्गदर्शन देते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मानसिक रूप से स्वयं को मजबूत बनाएं। योग, मेडिटेशन के साथ ही शारीरिक गतिविधियां आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए कैरियर के लिए बहुत से अवसर हैं। युवा, भारतीय सेना, शिक्षक, उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के दौरान पोस्ट कार्ड विधि का प्रयोग करते हुए रिवीजन किया, जिसके कारगर परिणाम रहे। मुख्य बिंदुओं को पोस्ट कार्ड पर लिखकर रिविजन करना परिणाममूलक रहा। ऐसे विद्यार्थी जो मानसिक तौर पर मजबूत होते है, वे असफल होने पर फिर से तैयारी में जुट जाते हैं। उन्होंने कहा कि 8 घण्टे के पढ़ाई के साथ ही कोचिंग या अपने शिक्षकों से मार्गदर्शन ले सकते हैं। व्यवस्थित एवं योजनाबद्ध तरीके से अध्ययन करने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है। पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित करते हुए अध्ययन की गति बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सामूहिक चर्चा के माध्यम से पढ़ाई करने पर प्रतियोगी परीक्षाओं में फायदा मिलता है। उन्होंने गीता के प्रेरक श्लोक का स्मरण करते हुए युवाओं से कहा कि कर्म करते रहें और फल की चिंता न करें। जीवन भर इस ज्ञान का अनुकरण करें। हर देश, काल, परिस्थिति में गीता का यह ज्ञान सार्वभौमिक एवं प्रासंगिक है। किसी भी तरह का तनाव नहीं ले और मेहनत एवं कोशिश के हिसाब से अपनी अपेक्षाओं को बढ़ाएं। कलेक्टर ने इस दौरान युवाओं द्वारा किए गए प्रश्न एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा उन्हें मन लगाकर पढऩे के लिए कहा। कलेक्टर ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लेफ्टिनेंट कर्नल श्री विवेक कुमार दुबे ने युवाओं को भारतीय सेना में जाने के लिए अग्निवीर परीक्षा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि अनुशासन में रहने के साथ ही व्यवस्थित दिनचर्या एवं पढ़ाई से सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने अपने जीवन शैली के बारे में तथा अनुशासन में रहने के बारे में बताया। उन्होंने युवाओं से कहा कि फिट एवं स्वस्थ रहें। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल ने कहा कि मेमोरी मैप के लिए पोस्टकार्ड विधि का प्रयोग कर सकते हैं। विद्यार्थी परीक्षा के समय तनाव नहीं ले तथा पढ़ाई के बीच-बीच में थोड़ा आराम करें। इस अवसर पर सचदेवा कॉलेज भिलाई के कैरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट श्री चिरंजीव जैन ने कहा कि बिना तनाव एवं दवाब के पढ़ाई के लिए उत्साह के साथ पढ़ाई करें।

## समाचार संक्षेप

### नाबालिग बालिका व महिला संबंधित प्रकरण में थाना घुमका पुलिस की त्वरित कार्रवाई




**राजनांदगांव 7 मई।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आज दिनांक 06-05-2024 को एक नाबालिग बालिका ने लिखित आवेदन दिया कि आरोपी गोविंदा कोसरे निवासी गिधवा के द्वारा दिनांक घटना 29-04-2024 व 04-05-2024 के मध्य रात्रि नाबालिग पीडिता के घर के छत पर जाकर छेडछाड कर जान से मारने की धमकी दिया है व पीडिता जब रिपोर्ट लिखाने पुलिस थाना जा रही थी तब पुनः आरोपी द्वारा पीडिता को बलपूर्वक रोका गया था । पीडिता के लिखित आवेदन पर से आज दिनांक 06-05-2024 को थाना घुमका में आरोपी गोविंदा कोसरे के विरूद्ध अपराध क्रमांक 69/2024 धारा ङ्क 354, 354(क),354(घ), 456, 506,509, 341 भादवि0 8,10,12 पाक्सों एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया ।प्रकरण नाबालिग बालिका एवं महिला संबंधित होने से उक्त घटना क्रम की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई जिस पर प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय, श्री मोहित गर्ग,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगांव श्री दिलीप सिसोदिया के निर्देशन में थाना प्रभारी घुमका निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में तत्काल घुमका पुलिस के द्वारा आरोपी को ग्राम गिधवा से आज दिनांक 06-05-2024 उक्त कार्यवाही में थाना घुमका से थाना प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पम्मार, उप निरी0 विक्रात सुरेश कुमार सिंह, खेदूराम उइके „स्ढ्ढ कोदूराम नागवंशी, प्र0आर0 विजय राज सिंह, आर0 ष्ट.क्क साहू, गोवर्धन कंवर, केयूर भूषण, यशवंत बंजारे की भूमिका सराहनीय रही ।

### दूसरे की जमीन को अपनी बताकर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार




**राजनांदगांव 5 मई।** प्रार्थी हेमशंकर चंद्राकर पिता श्री रामनारायण चंद्राकर निवासी ग्राम दीवानभेड़ी तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव का दिनांक 16.02.2024 को थाने में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना दिनांक 02.02.2019 से 08.05.2023 के मध्य आरोपी प्रदीप कुमार घटोडे उर्फ संजय पिता स्व0 दामोदर राव घटोडे उम्र 52 वर्ष साकिन स्टेशन पारा गोरेलाल चाल राजनांदगांव हाल श्रीमती निर्मला श्रीवास्तव का मकान नं. 05 पाण्डूरंग कॉलोनी राजनांदगांव (छ0ग0) द्वारा कौरिनभांठा प0ह0नं0 41 गांधी नगर राजनांदगांव से लगा हुआ जमीन को अपना बताकर फर्जी ऋष्ठा पुस्तिका दिखाकर प्रार्थी से 20.00000 रूपये में सौदा तय किया गया। और प्रार्थी से आरोपी ने 13.00000 रूपये आरटीजीएस के माध्यम से दिनांक 02.02.2019 को तथा 6.50.000 रूपये नगद प्राप्त कर 50.000 रूपये को पंजीयन के समय प्राप्त करने का करार किया गया। रजिस्ट्री का समय आने पर आरोपी द्वारा टालमटोल करने लगा, तब यह परेशान होकर अपनी राशि को मांगा गया तो आरोपी आपसी राजीनामा कर राशि वापसी का 03 चेक दिया गया, जो बाउंस हो गया, आरोपी को रकम मांगने पर टाल-मटोल करना बताया। कि रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध 115/2024 धारा 420 भादवि. कायम कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायमी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली से आरोपी घटना दिनांक से फरार था, जिसका लगातार पतासाजी किया जा रहा था, कि आज दिनांक 06.05.2024 को मुखबीर की सूचना पर आरोपी प्रदीप कुमार घटोडे उर्फ संजय पिता स्व0 दामोदर राव घटोडे उम्र 52 वर्ष साकिन स्टेशन पारा पाण्डूरंग कॉलोनी राजनांदगांव (छ0ग0) को हिरासत में लेकर पूछताछ पर अपराध घटित करना स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, सउनि0 उदय सिंह चंदेल, आरक्षक रंजीत चैरसिया, रूपेन्द्र वर्मा एंव थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### राजनांदगांव की अनिशा साहू का जूनियर भारतीय हॉकी टीम में चयन

**राजनांदगांव 7 मई।** हॉकी नर्सरी राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) की अनिशा साहू का चयन ब्रेडा नीदरलैंड में 18 मई से 31 मई 2024 तक आयोजित है। टूर ऑफ यूरोप अंडर-21 बालिका हॉकी चैम्पियनशिप के लिए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम में किया गया है। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भारत सहित बेल्जियम, जर्मनीए तथा मेजबान ब्रेडा नीदरलैंड चार देशों की हॉकी टीम भाग लेगी। आज घोषित जूनियर भारतीय टीम के 20 सदस्यों की सूचि में नगर की बेटी अनिशा साहू को शामिल किया गया है। अनिशा ही विगत दो वर्ष से हॉकी इंडिया की कोर टीम के साथ बैंग्लुरू सांई सेंटर में जूनियर भारतीय हॉकी टीम के कोंचिग कैम्प में शामिल है। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने अनिशा की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए बताया कि अनिशा साहू ने अभी हाल पुणे में सम्पन्न सीनियर नेशनल चैंपियनशिप तथा राउरकेला में संपन्न हुई 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया था। छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि अनिशा ने उनके प्रारंभिक कोच अनुराज श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सन् 2014 से बसंतपुर तथा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हॉकी खेलना प्रारंभ किया था। छत्तीसगढ की ओर से खेलते हुए अनिशा धरेलू हॉकी प्रतियोगिताओं में अच्छे खेल का प्रदर्शन करते आ रही है। जिसमें 7वीं सब जूनियर बालिका राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता रामानाथामपुरम (तमिलनाडू) 2017, 7वीं जूनियर बालिका राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता भोपाल (मध्यप्रदेश) 2017, 8वीं सब जूनियर व जूनियर बालिका राष्ट्रीय प्रतियोगिता हिसार (हरियाणा) व भोपाल (मध्यप्रदेश) 2018 9वीं जूनियर बालिका राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता, 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला कोयलपपट्टी, 14वीं हॉकी सीनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप शामिल है।



**रायपुर 7 मई।** सुधर्म जैन विहार पचपेड़ी नाक निवासी 90 वर्षीय मुकनचंद बोहरा का वोट चुनाव आयोग की टीम ने उनके घर आकर डलवाया। समाज सेवी बोहरा निर्मल व कमल के पिता हैं।

संपादकीय

# काम करने वाले को जीत का भरोसा होता है

चुनाव में जीत का भरोसा उसी को होता है जिसने राज्य व जनता के लिए काम किया हो. जनता से किए वादे पूरे किए हों। जिसके नेता पर देश व राज्य की जनता को भरोसा हो। जिसकी पार्टी का संगठन मजबूत हो और निचले स्तर पर पूरी मेहनत से काम करने वाला हो। राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ऐसे ही नेता हैं,उन्होंने राज्य की जनता से विधानसभा चुनाव में जो भी वादे किए थे उनमें प्रमुख व बड़े वादे पूरे किए जा चुके हैं,वह भी कुछ ही महीनों के अंदर। वर्ना चुनाव जीतने के बाद को राजनीतिक दल कहते हैं कि उन्हें तो जनादेश पांच साल के लिए मिला है,वह अपना पांच साल में पूरा कर देंगे। उन्हें अपने वादे पूरे करने की कोई जल्दी नहीं होती है, कुछ वादे पूरे भी किए जाते हें तो वह जनता को संतुष्ट करने वाले नहीं होते हैं जैसे किसी राजनीतिक दल ने वादा किया कि वह सत्ता में आए तो किसानों का कर्जा माफ करेंगे। वादा तो वह चुनाव में सभी किसनाों का वोट लेने के लिए किसानों का कर्जा कहते हं लेकिन जब कर्जा माफ करने की बारी आती है तो वह राज्य के सभी किसानों का सभी तरह का कर्जा माफ नही करते हैं, वह तरह तरह की शर्त लगाते हैं जैसे सरकारी बैंक का दस लाख का कर्जा माफ नहीं किया जाएगा सहकारी बैंक का दो लाख तक का कर्जा माफ किया जाएगा, सभी किसानों का कर्जा माफ नहीं किया जाएगा, पंजीकृत किसानों का कर्जा माफ किया जाएगा। इससे होता यह है कि किसी राजनीतिक दल को जिताने वाले लोग उस दल की सरकार बनने के बाद जब सरकार वादा पूरा करती है तो उसे लगता है कि उसे ठगा गया है। भूपेश बघेल सरकार ने किसानों का जो कर्जा माफ किया था, वह सभी किसानों का सभी तरह का कर्जा माफ नहीं किया था, इसलिए किसानों ने दूसरी बार भूपेश सरकार पर भरोसा नहीं किया। जबकि साय सरकार ने जो चुनाव में वादा किया, उसमें कोइ शर्त नही रखी, महिलाओं को साल का 12 हजार रुपए देने का वादा किया तो उसने राज्य की महिलाओं का पूरा सम्मान किया और जितनी ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को साल का 12 हजार रुपए दिया जा सकता था देने का प्रयास किया। भूपेश सरकार ने किसानों का बकाया बोनस देने का वादा पूरा नहीं किया था, वह वादा भी साय सरकार ने पूरा किया, सरकार बनने के कुछ ही दिनों के भीतर किसानों को बकाया बोनस दे दिया गया। किसानों का धान ज्यादा कीमत देकर खरीदी गया और पहले से ज्यादा धान खरीदा गया। जहां तक वादा पूरा करने का सवाल हैं तो केंद्र की मोदी सरकार व राज्य सरकार दोनों भूपेश सरकार से ज्यादा भरोसे के हैं। इसलिए जनता का भरोसा मोदी व साय सरकार पर भूपेश सरकार से ज्यादा है। भरोसा ज्यादा है, इसलिए चुनाव में पीएम मोदी जहां चार सौ प्लस सीटें की बात पूरे विश्वास से करते हैं, वहीं साय सरकार भी राज्य की सभी 11 सीटें जीतने की बात पूरे विश्वास से करती है। भूपेश सरकार जो एककाम नहीं कर सकी थी, वह शराबबंदी का था, उसने राज्य की महिलाओं से राज्य में शराबबंदी का वादा किया था लेकिन सरकार बनने के बाद वह वादा पांच साल तक पूरा करने की बात कहतर पूरा नहीं कर सकी। इसके अलावा भूपेश सरकार के समय जितने भ्रष्टाचार हुए उससे भी भूपेश सरकार व कांग्रेस पर जनता का भरोसा कम हुआ है क्योंकि जनता किसीा पार्टी को सत्ता सौंपती है तो वह भ्रष्टाचार करने के लिए तो नहं सौंपती है। वह सत्ता सौपंती है राज्य व जनता केहित में काम करने के लिए। भूपेश सरकार के चार साल तक ऐसा लगा कि सराकर ठीक काम कर रही है, ईमानदार है, लेकिन पांचवें साल जो पोल खुलनी शुरू हुई तो जनता को पता चला कि इस सरकार के समय तो हर काम में घोटाला किया गया है। सरकार ने जनता व राज्य के हित से ज्यादा पैसा बटोरने का काम किया है। नक्सलवाद के सफाए का काम भी भूपेश सरकार नहीं कर सकी थी. यह साय सरकार की बड़ी उपलब्धि है क्योंकि नकसलियों के सफाए का काम कई स्तरों पर हो रहा है,एक तरफ नकसलियों को मारा जा रहा है, इसका परिणाम यह हुआ है कि समर्पण करने वाले नक्सलयिों की संख्या बढ़ गई है और नक्सलियों पर निरंतर हमले से वह गर्मी मे जो नई भर्ती का काम करते थे नहीं कर पा रहे हं। पहली बार ऐसा लग रहा है कि नकसलीं कमजोर हुए हैं।

विश्लेषण

ललित गर्ग

# कांग्रेस की दिशाहीनता एवं बढ़ता पलायन



लोकसभा के चुनाव उग्र से उग्रतर होते जा रहे हैं, लोकतंत्र के महायज्ञ की 7 मई को आधी से ज्यादा आहुति पूरी होने वाली है, पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो- खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने 'नाइंसाफी' के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में राजनीतिक अपरिपक्वता, दिशाहीनता एवं निर्णय-क्षमता का अभाव है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस कई राज्यों में बेमन से चुनाव लड़ रही है।

आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। उसकी सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहार में, कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। यही कारण है कि उसकी राजनीति में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। उसका व्यवहार दोगला हो गया है। दोहरे मापदण्ड अपनाने से उसकी हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रही हैं। यही कारण है कि कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने या फिर चुनाव लड़ने से इन्कार करने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यह निर्णय क्षमता का अभाव ही है या हार का डर कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने क्रमशः अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय लेने में बड़ी कोताही बनती है। अब राहुल ने अमेठी में स्मृति ईरानी का सामना करने में स्वयं को अक्षम पाया तो रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल कर दिया और प्रियंका एक बार फिर चुनाव लड़ने से दूर ठिठक गईं। राहुल गांधी का अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ना भी कांग्रेस की दिशाहीनता का सूचक है। यह हास्यास्पद है कि गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार कांग्रेस नेता राहुल के अमेठी से चुनाव न लड़ने के फैसले को यह कहकर बड़ी राजनीति जीत बता रहे हैं कि पार्टी ने स्मृति इरानी का महत्व कम कर दिया। क्या सच यह नहीं कि कांग्रेस ने अमेठी से स्मृति इरानी की जीत सुनिश्चित करने का काम किया है? राहुल गांधी का दो-दो सीटों से का चुनाव लड़ना भी यह दर्शाता है कि दोनों में से एक सीट पर तो वे जीत हासिल कर ही लेंगे। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का सेक्शन 33 प्रत्याशियों को अधिकतम दो सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति भी देता है। देश में लोकतंत्र की जड़ें लगातार मजबूत हो रही हैं। ऐसे में नेताओं के एक से अधिक सीटों पर



चुनाव लड़ने को लेकर विसंगतियां भी सामने आ रही हैं। विमर्श इस बात पर हो रहा है कि जब एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार है तो प्रत्याशी को दो सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति क्यों होनी चाहिए? नेता अपने राजनीतिक हितों के लिए एक साथ दो सीटों पर चुनाव लड़ते हैं और दोनों सीटों पर चुनाव जीतने की स्थिति में अपनी सुविधानुसार एक सीट से इस्तीफा दे देते हैं। कानूनी रूप से उनके लिए ऐसा करना जरूरी भी है। फिर उस सीट पर उपचुनाव होता है। इसमें न सिर्फ करदाताओं का पैसा खर्च होता है बल्कि उस क्षेत्र के मतदाता भी ठगा हुआ महसूस करते हैं। इस बात की पड़ताल जरूरी है कि दो सीटों से चुनाव लड़कर राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं या इस व्यवस्था से सिर्फ अपने राजनीतिक हित साध रहे हैं?

भले ही राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान बेहद आक्रामक दिख रहे हों, लेकिन वह अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं में जोश नहीं भर पा रहे हैं। इसका एक कारण गठबंधन के नाम पर अपने पुराने मजबूत गढ़ों में भी अपनी राजनीतिक जमीन छोड़ना है। यह कांग्रेस ही लगातार कमजोर होती राजनीति ही है कि वह जीत की संभावना वाली सीटों को भी महागठबंधन के अन्य दलों को दे रही है। ऐसे ही निर्णयों के चलते कांग्रेसजनों के लिए भी यह समझना कठिन है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी से समझौता करने से पार्टी को क्या हासिल होने वाला है? इस बार गांधी परिवार दिल्ली में उस आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को बोट देगा, जिसने उसे रसातल में पहुंचाया। इस तरह के मामले केवल यही नहीं बताते कि कांग्रेस उपयुक्त प्रत्याशियों का चयन करने में नाकाम है, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उसके पास अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने और अपने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करने की कोई ठोस रणनीति नहीं है। कांग्रेस की नीति एवं नियत भी संदेह के घेरों में हैं। क्या कारण है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का 'शहजादा' भारत का प्रधानमंत्री बने। दुश्मन राष्ट्र के नेता अगर किसी व्यक्ति या नेता के प्रधानमंत्री बनने की कामना करते हैं तो निश्चित ही उस देश का हित जुड़ा होता है। पड़ोसी देश भले ही राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो लेकिन भारत की जनता अपने हितों की रक्षा करते हुए विवेकपूर्ण मतदान के लिये तत्पर है। भारत मजबूत प्रधानमंत्री वाला मजबूत देश चाहता है। नए भारत के 'सर्जिकल और एयर स्ट्राइक' ने उस पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया था जिसे कांग्रेस शासन के दौरान भारत पर आतंकी हमलों का समर्थन करने के लिए जाना जाता था। कांग्रेस ने बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं को नजरअंदाज करते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति की है, उसी का परिणाम है कि जिसने 500 वर्षों तक पीढ़ियों के संघर्ष के बाद बने प्रभु श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह एवं मन्दिर से कांग्रेस दूरी बनाये रखी है। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के निर्णय का भी विरोध किया है, जबकि अब वहां आतंकवाद खत्म होकर शांति, अमन एवं विकास की गंगा प्रवहमान है। जनता ही नहीं, कांग्रेस के नेता भी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की इन विसंगतियों एवं विडम्बनाओं को समझ रहे हैं और पार्टी से पलायन कर रहे हैं। मुगलों व अंग्रेजों की भाषा बोल रहे व हिंदू जनमानस व हिंदू संस्कृति के विरुद्ध जहर उगल रहे राहुल गांधी को पिछले दो लोकसभा चुनाव की तरह आगामी लोकसभा चुनाव में जनता क्या जबाव देती, यह भविष्य के गर्भ में हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कोई शुभ समाचार मिलेगा जिसकी खुशी आप अपने दोस्तों के साथ शेयर करेंगे। थोड़ी सी मेहनत करने से आप अपने कामों में सफलता जल्दी हासिल करेंगे। दोस्त लोग आज आपको सरप्राइज पार्टी देंगे जिससे मस्ती का माहौल बनेगा। शुगर की समस्या से आज काफी हद तक आराम मिलेगा। आज आपका वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा, आप एक दूसरे की भावनाओं को अच्छी तरह से समझेंगे। बच्चे आज घर पर खेल कूद में व्यस्त रहेंगे।

वृष राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी मांगलिक कार्यक्रम में जाने का अवसर मिलेगा। जिसमें शामिल होकर आप बेहतर फील करेंगे। पिता जी आपके बिजनेस में आपकी हेल्प करेंगे, जिससे अधिक लाभ होगा। महिलाएं आज घर के कामों में बिजी रहेंगी, नई डिशेज बनाएंगी जिनका आनन्द आपका पूरा परिवार उठाएगा। किसी नए काम की तरफ मन अट्रैक्ट होगा, उसकी शुरुआत करेंगे और लाभ कमाएंगे। छात्रों के लिये आज का दिन शानदार रहने वाला है।

मिथुन राशिः आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। आज किसी नए व्यापार को शुरू करने से पहले उसके बारे में गंभीरता से जान लेना जरुरी है, किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते हैं जिससे अधिक लाभ होगा। आज किसी दोस्त की हेल्प से आपको कोई अच्छी जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। हेल्थ से रिलेटेड प्रॉब्लम के लिए आज आप किसी अच्छे डॉक्टर को दिखायेंगे जिससे आप बेहतर महसूस करेंगे। किसी मित्र से मुलाकात होगी जो आपकी हेल्प करेगा।

कर्क राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका कॉन्फिडेंस लेवल अच्छा रहेगा। आपकी बेटी का सेलेक्शन आज सरकारी जॉब में होगा। जीवन में सफल होने के लिए आपको कठिन मेहनत करनी होगी। अपने बच्चों के साथ घर पर रह कर अच्छा समय गुजारेंगे। आपको घर के बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा इससे आपके मन को शांति मिलेगी। ऑनलाइन कोई व्यापार शुरू करने का मन बनायेंगे। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे रुके हुये कार्य पूरा करने में सफल होंगे।

सिंह राशिः आज आप अपने दिन की शुरुआत बहुत ही उत्साह से करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र अपनी पढ़ाई जारी रखेंगे, जल्द ही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। इस राशि के जो लोग प्लास्टिक का कारोबार कर रहे हैं उन व्यापारियों का काम अच्छा चलेगा, ज्यादा प्रॉफिट होगा। नवविवाहितो को आज कोई खुशखबरी मिलने वाली है। इस खबर को सुनकर घर में सभी का मन खुश हो जायेगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर आएगा।

कन्या राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिलेगा, जिसको आप किसी जरूरी काम में लगाएंगे। प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता हैं, आपका सम्मान बढ़ेगा। आज आपके फैसले में आपके भाईयों का सहयोग मिलेगा, जिससे लोगों में आपकी छवि अच्छी बनेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी टॉपिक को समझने में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

तुला राशिः आज आपका दिन मंगलकारी रहने वाला है। आज ऑफिस में स्टाफ के साथ अच्छा व्यवहार बना कर रखें जिससे कार्यों में आपको उनका सहयोग मिलेगा। आज घर में नन्हे मेहमान के आने से खुशी का माहौल रहेगा। ऑफिस में जो लोग आपके विरोधी है, वो भी आपकी कार्यशैली से प्रभावित होंगे। अधूरे कामों को पूरा करने में आज आप सक्षम रहेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। व्यापार में लाभ मिलने के योग बने हुए है। छात्रों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

वृश्चिक राशिः आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों की पदोन्नति के योग बन रहें है, सैलरी बढ़ेगी। स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानी के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर से मिलेंगे, जिससे कुछ राहत मिलेगी। अपनी सही बात के लिए आपके परिवार वालों का फुल सपोर्ट मिलेगा। जॉब की तलाश खत्म होगी, किसी दोस्त की मदद से जॉब मिल जाएगी। बच्चे आज पार्क में घूमने जाएंगे। आज आपको ऑनलाइन कोई बड़ा ऑर्डर मिलने का योग है। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

धनु राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा, आप चीजों को बेहतर ढंग से करने का प्रयास करेंगे। इंजीनियर्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, टेक्निकल क्षेत्र में कुछ नया अनुभव मिलेगा। आपको अपने खान पान पर ध्यान देने की जरुरत है, जिससे स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। छात्रों को आज कॉलेज के किसी प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा, जिसमें आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। लेखकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मकर राशिः आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। किसी कंपनी के शेयर खरीदने के लिए आप किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते है। कोई पुरानी बात आपको पता चल सकती, जिसको लेकर आप सरप्राइस होंगे। आप कोई कीमती सामान खरीदेंगे, आपको अच्छा ऑफर भी मिल सकता है। दाम्पत्य जीवन में मधुरता आएगी। आज आप नया वाहन लेंगे, साथ ही जीवनसाथी के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे। बच्चों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

कुंभ राशिः आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज प्रॉपर्टी डीलर्स से मुलाकात करेंगे, कोई बढ़िया डील फाइनल करेंगे। किसी प्रोजेक्ट में उलझे विद्यार्थी आज अपने डाउट क्लियर करेंगे। आज थोड़ा समय निकाल कर अपने परिवार वालों के साथ बातचीत करें, जिससे आपकी समस्याओं का समाधान मिलेगा। आज आपकी पॉजिटिव सोच आपके कार्यों में सफलता दिलायेगी। लवमेट काफी देर तक बात करेंगे, रिश्ते में मजबूती आएगी।

मीन राशिः आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका व्यवहार विनम्र बना रहेगा, जिससे लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज कोई भी कारोबार शुरू करने से पहले एक्सपर्ट्स की सलाह ले जिससे आपको उसके बारे में फुल इनफार्मेशन पता हो जाएगी, उसी के एकार्डिंग आप अपनी योजनाओ को बनायेंगे। आज परिवार वालों के साथ मिलकर किसी मांगलिक कार्यक्रम में जाएंगे। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने दिनचर्या में पॉजिटिव बदलाव लाएंगे।

व्यंग्य

# खेला करबो

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

इतने सारे स्वर्ण पदक!

'हाँ यह सब तुम्हारी मेहनत के हैं। बताओ इन्हें पाकर तुम्हें कैसा लग रहा है?'

इन्हीं पदकों की तलाश में जीवन खपा दिया और एक वो हैं जो बिना कुछ किए मलाई उड़ा रहे थे। पहली बार लगा कि यह खेल हम खेल रहे थे।'

'मतलब...? मैं कुछ समझा नहीं। साफ-साफ कहो।'

'तुमसे क्या छिपा है। तुम तो सब जानते ही हो। एक समय था जब यह खेल भ्रष्टाचारियों के लिए हुआ करता था। कोई आयोजन करके स्वर्ण पदक झटकने के चक्कर में था तो कोई खेल सामग्री में धांधली करके। कोई खिलाड़ियों के ठहरने के खर्चों में तो कोई उनके भोजन के ठेके ले-लेके पदकों की झड़ी लगाने के चक्कर में रहता था। वो क्या है न कि जब-जब भ्रष्टाचारी ऊँचे पद हथिया लेते हैं और खिलाड़ी सड़ते रहते हैं तब-तब पदक नहीं घोटाले के पटल खुलते रहते हैं। आज पहली बार लगा कि यह खेल भ्रष्टाचारियों के लिए नहीं खिलाड़ियों के लिए था।''सो तो है। लेकिन तुम जिस घटना के बारे में बता रहे हो वह तो कॉमनवेल्थ का 'महाखेल' था। भ्रष्टाचारी कहाँ नहीं होते। जैसे हवा है, वैसे वे हैं। तुम्हें तो अपने खेल धर्म का पालन करना चाहिए। इन सबसे तुम्हारा क्या लेना-देना?''अरे! यह भी खूब कही। लेना-देना कैसे न होगा। हम लोग खेल जमीन पर खेलते हैं। आसमान पर नहीं। मछली तो जीती पानी में ही है न! पानी के बिना उसका कैसा अस्तित्व?'

'खिलाड़ियों का काम खेलना होता है। इन सब धांधलियों के बारे में सोचना नहीं। ऐसा भी तो हो सकता है कि नाच न जाने आंगन टेढ़ा की बिसात पर अपने खराब खेल का ठीकरा धांधली के मत्थे फोड़कर खुद को पाक साबित करना चाहते हो। क्या तुम्हें ऐसा नहीं लगता?'

'खिलाड़ियों के लिए खेल ही उसका धर्म होता है। वह तो हर बार देश का नाम ऊँचा करने के लिए अपना सौ फीसदी देने का प्रयास करता है। लेकिन कुछ धांधलीबाज होते हैं जो बिना स्टेडियम बनाए, बिना खेल सामग्री दिए, बिना सुविधाओं के हमें हवा में तीर मारने की बात करते हैं। कागज पर सबका हिसाब होता है, जमीन पर आते-आते सब कुछ शून्य। फिर उसके बाद खेल की जो फजीहत होती है उसका ठीकरा हमारे मत्थे फोड़ दिया जाता है।'

'मैं तो सब जानता हूँ। फिर भी यूँ ही जानना चाहता था कि खेल और खिलाड़ी के बारे में तुम्हारे विचार क्या हैं?'

'अब तुम्हें क्या लगता है?'

'लगता नहीं, पूर्ण विश्वास हो गया है कि खिलाड़ी धांधली से ऊपर उठकर देश के लिए मर मिटता है। ऐसे में देश ईमानदारी से उनका साथ दे तो दलदल में भी कमल खिला सकता है। क्योंकि खेल से खिलाड़ी है और खिलाड़ी से खेल। इन सबके बीच धांधली का कोई स्थान नहीं है।'

## पैर पर पैर रखकर बैठते हैं तो हो जाएं सावधान

पैर पर पैर रखकर बैठना बहुत से लोगों की आदत होती है. ऐसा करना उन्हें कंफर्टेबल लगता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करना हानिकारक हो सकता है. एक पैर के ऊपर दूसरा पैर चढ़ाकर बैठने से पेल्विक एरिया में बोन एलाइनमेंट की समस्या हो सकती है. इससे ब्लड सर्कुलेशन भी प्रभावित हो सकता है. रिसर्च में पाया गया है कि क्रॉस लेग बैठने वालों में कई परेशानियां होती है. ऐसे में आइए जानते हैं क्रॉस लेग पोस्चर सेहत पर कैसे असर डालता है...

**हाई ब्लड प्रेशर की प्रॉब्लम**-बीपी चेक करते समय दोनों पैरों को डॉक्टर जमीन पर रखने को कहते हैं. क्या आपने सोचा है कि ऐसा क्यों किया जाता है. दरअसल, जमीन पर दोनों पैर रखने से ब्लड फ्लो बेहतर रहता है. रिसर्च में पाया गया है कि पैर पर पैर रखकर बैठने से ब्लड प्रेशर टेम्परारी स्पाइक होने का जोखिम हो सकता है. ऐसा घुटनों से पैरों को क्रॉस करके बैठने से होता है.

**वैरिकोज वेन्स की परेशानी**-जब खून ब्लड वेन्स से गुजरते हुए हार्ट तक नहीं पहुंच पाते या पंपिंग होने के बावजूद ब्लड फ्लो में परेशानी होती है, तब वेन्स में ब्लड बैक फ्लो होने लगता है, इससे वैरिकोज वेन्स की समस्या हो सकती है. इसका असर शरीर के कई अंगों पर पड़ सकता है. ऐसा ब्लड क्लॉट की वजह से होता है. क्रॉस लेग करके बैठने से कई और समस्याएं हो सकती हैं.

गंभीर मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

# हिंसक होता समाज रिश्तों का कत्ल दर कत्ल!



घोर कलियुग है साहब लोग अपने सगे संबंधियो को ही थोड़ी सी सम्पत्ति या विवाद की वजह से गाजर मूली की तरह काट रहे हैं। बुलंदशहर में पोते ने ढाई बीघा जमीन के एक लाख रुपये के लिए दादा को काट डाला। वहीं बागपत के एक दारोगा पुत्र वेटलिफ्टर ने मां और पत्नी दोनों के बीच कलह से तंग आकर दोनों की गला रेत कर हत्या कर दी। उधर नजीबाबाद में छत पर सो रही पत्नी को पति ने गला काट कर मार डाला। वहीं जयपुर में एक सोसाइटी में पत्नी और चार साल की बेटी की हत्या के मामले में एक पति को गिरफ्तार किया है। यह सभी वारदात मात्र चौबीस घंटे के भीतर अंजाम दी गई हैं।

आइए विस्तार से बता दें बुलंदशहर के थाना क्षेत्र के सहार गांव निवासी 70 वर्षीय वृद्ध श्यामलाल की हत्या में फरार आरोपी पोते निक्की को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लगातार जमीन और एक लाख रुपये की मांग कर रहा था। इन्कार करने पर उसने बनियान से वृद्ध का गला दबा दिया था।

सहार गांव में मंगलवार सुबह ग्रामीणों को 70 वर्षीय श्याम लाल का शव उनके घर में पड़ा मिला था। ग्रामीणों ने नोएडा में रहने वाले वृद्ध के बेटे रामगोपाल और पुलिस को सूचना दी थी। नोएडा के इलावास गांव में रहने वाले रामगोपाल ने मामले में पुलिस को तहरीर दी। रामगोपाल का आरोप था कि उसके छोटे भाई कृपाल सिंह का बेटा निक्की रुपयों की लालच में अक्सर परिवार के लोगों के साथ मारपीट करता था।

पूछताछ में निक्की ने बताया कि वह अपने दादा से एक लाख रुपये और जमीन बेचने की मांग कर रहा था। दादा ने रुपये देने से इंकार कर दिया। इस पर गुस्से में आकर निक्की ने बनियान से अपने दादा श्याम लाल का गला दबा दिया। बनियान फट गई तो हाथ से गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस पूछताछ में निक्की ने बताया कि उसके दादा ताऊ रामगोपाल के बेटे प्रदीप को रुपये दे देते थे, लेकिन उसकी कोई मदद नहीं करते थे। इस बात से वह घृणा करने लगा था। प्रदीप के पास परिवार और सब कुछ था। निक्की अकेला था और पांच शादीशुदा बहनों की जिम्मेदारी थी। इसके बावजूद दादा की ओर से कोई मदद नहीं मिलती थी।

आरोपी निक्की को बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया है। रुपये न मिलने पर नाराज होकर उसने दादा की गला दबाकर हत्या की थी। हत्या में प्रयुक्त कपड़ा भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

राजस्थान की राजधानी जयपुर के फेमस त्रिहान डीलाइट रेजीडेंसी सोसायटी में आकांक्षा और उसकी 4 साल की बेटी की डेड बॉडी फ्लैट से मिलने वाले केस में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी पति निशांत को अरेस्ट कर लिया है। आरोप है कि हत्या कर वह फरार हो गया था।टपूकड़ा की त्रिहान सोसाइटी में 10वीं मंजिल पर बिहार के सिवान जिले के रहने वाली 25 वर्षीय आकांक्षा उर्फ ऋतु अपने पति निशांत पांडे और चार वर्षीय बेटी नाव्या पांडे के साथ रहती थी। मृतक आकांक्षा क्षेत्र में ही एक निजी स्कूल में टीचर थी। सोशल मीडिया के माध्यम से 2012 में निशांत पांडे और मृतका आकांक्षा पांडे संपर्क में आए थे और 2016 में दोनों ने शादी कर ली थी। शादी के बाद से ही दोनों के बीच मनमुटाव रहता थापुलिस की पूछताछ में निशांत ने बताया की 17 अप्रेल को उसने पत्नी की बाथरूम में गला दबा कर हत्या की थी। उसके बाद 18 अप्रैल को सुबह बेटी की भी गला दबा कर निर्मम हत्या कर दी थी।इसी बीच गत वर्ष निशांत पांडे ने बिहार के सिवान में ही किसी दूसरी लड़की से शादी कर ली थी। इस बात का पता उसकी पत्नी आकांक्षा पांडे को चल गया था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा होता रहता था। हत्या करने से दो दिन पहले भी निशांत और आकांक्षा के बीच झगड़ा हुआ था। इसी बात को लेकर निशांत पांडे ने अपनी पत्नी और 4 वर्षीय बेटी नव्या की हत्या कर दी और फ्लैट बंद कर बिहार चला गया।

बिजनौर में पति ने अपनी पत्नी की चाकू से गर्दन रेतकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। खून से लथपथ महिला जान बचाने के लिए कुछ दूर चली इसके बाद गिर गई। तड़प-तड़पकर उसकी मौत हो गई। इसका वीडियो भी सामने आया है। जिसमें सड़क पर गिरी महिला खून से लथपथ है। वह दर्द से कराह रही है। हाथ-पांव चला रही है। करीब 15 मिनट बाद उसकी मौत हो जाती है। इस दौरान लोग तमाशबीन बने रहे। उसका वीडियो बनाते रहे, लेकिन किसी ने उसे अस्पताल नहीं पहुंचाया।

मोहल्ला पठानपुरा निवासी नौशाद उर्फ सोनू ने अपनी पत्नी सायमा (24) की हत्या कर दी। सायमा अपने नाना जाब्तागंज निवासी अमीर अहमद के यहां आई हुई थी। रात्रि करीब दो बजे पड़ोसी की छत के सहारे आए सोनू ने सायमा के गले पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। घायल सायमा ने छत से नीचे आकर अपनी खाला के मकान की ओर भागी। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सायमा की 23 दिन की एक बेटी सहित तीन बेटियां हैं।सायमा की मां सायरा ने पुलिस को बताया कि सायमा का पति 50 हजार रुपये और मोटर साइकिल की मांग कर रहा था। काफी समय से मारपीट कर दहेज की मांग पूरी करने का उनके परिवार पर दबाव बना रहा था। परिजनों का कहना है कि सायमा अपने नाना अमीर हसन की छत पर सोई हुई थी। तभी रात्रि करीब 2ः30 बजे पड़ोसी की छत से आकर सोनू ने चाकू से उसके गले पर वार किए। सायमा की मां सायरा ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस हत्यारोपी की तलाश में जुटी है।

रिश्तों के कत्ल के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बागपत में भी 30 अप्रैल मंगलवार को एक वेटलिफ्टर ने मां और पत्नी की हत्या कर दी। हलालपुर गांव में दोनों महिलाओं की हत्या के आरोप में मृतक महिला के बेटे को ही हिरासत में लिया गया है। आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। मरने वाली एक महिला आरोपित की पत्नी है जबकि दूसरी उसकी मां है। एसपी बागपत पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हत्या की जांच करायी जा रही है।दिल्ली पुलिस के सेवानिवृत्त दरोगा जितेंद मंगलवार को पेंशन के मामले में दिल्ली गये हुए थे। आरोप है कि तभी घर में जितेंद्र के छोटे बेटे ने अपनी पत्नी वर्षा और मां सरोज की गला रेतकर हत्या कर दी। दोनों महिलाओ के शव अलग-अलग कमरे में पड़े मिले है। सूचना पर छपरौली पुलिस मौके पर पहुंची तो जितेंद्र के बेटे ने खुद को ब्लेड मारकर घायल कर लिया। आरोपी बेटे को पुलिस ने तुरंत हिरासत में ले लिया और अस्पताल में भर्ती कराया है।

हलालपुर गांव में हुआ दोहरा हत्याकांड पहला मामला नहीं है बल्कि ऐसे कई मामले अब तक सामने आए जब अपने ही अपनों के खून से हाथ रंग रहे हैं। पहले भी जनपद में तमाम ऐसी हत्याएं हो चुकी हैं, जिसमें बेटे ने अपने पिता, चाचा या मां को मौते के घाट उतारा है।अप्रैल को शबगा गांव में तिहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। ये हत्याएं किसी बाहरी ने नहीं, बलकि अपने सगे खून ने की थी। शबगा गांव निवासी ऋषिपाल के बेटे अंजुल उर्फ मालू ने अपने पिता पिता ऋषिपाल (60), चाचा श्रीपाल (58) और बुआ वीरमति(62) की गला दबाकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद तीनों के शव एक कमरे में ले जाकर एक ही चारपाई पर रजाई से ढक दिए थे। बाद में हत्यारोपी ने सिरसली गांव में जाकर अपनी दूसरी बुआ सरोज को हत्या करने की जानकारी दी।आठ नवंबर 2023 को सुल्तानपुर हटाना गांव में मनीष ने घर में हुए मामूली विवाद के बाद अपनी मां रोशनी को मौत के घाट उतार दिया था। हत्या से पहले पिता सतेंद्र कुमार, मामा समरपाल सिंह व चांदवीर को मनीष को समझाने का भी प्रयास किया था, लेकिन मनीष के सिर पर खून वार था और उसने मां की हत्या कर दी।9 जनवरी 2023 को आवास विकास कालोनी में रजत ने अपनी मां मुनेश देवी की गला घोंटकर हत्या कर दी थी और उसे बचाने पहुंचे पिता का भी गला घोंटने की कोशिश की। वजह सिर्फ इतनी थी कि रजत एक-दूसरे समुदाय की युवती से प्यार करता था। ये वारदातें तो सिर्फ बानगी मात्र हैं। आए दिन ऐसे मामलों की झड़ी लगी है जिनमें लोग बिना कानून और समाज की परवाह किए सगे संबंधियों के खून से हाथ रंग रहे हैं यह समाज में हिंसा और अपराध के प्रति बढ़ रही प्रवृत्ति और मानसिकता घोर चिंता का विषय बन रही है। यहां तक कि अब पुलिस किसी हत्याकांड की जांच की शुरुआत करते समय सबसे पहले निकट संबंधियों को भी जांच के घेरे में शामिल रखने के लिए मजबूर हो रही है यह समाज में बढती हिंसक प्रवृति बेहद खतरनाक व चिंता का विषय है। तमाम समाज शास्त्री समाज में आ रही इस गिरावट के कारण और उपचार की तलाश कर रहे हैं।

एक नजर

## तापमान की अधिकता के मद्देनजर भार वाहक पशुओं का 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक उपयोग प्रतिबंधित

**जगदलपुर, 7 मई।** जिले में माह मई व जून में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की संभावना बनी हुई है। इस दौरान भार वाहक पशुओं पर सामग्री रखकर या सवारी परिवहन करने से पशु बीमार हो सकते हैं अथवा उनकी मृत्यु हो सकती है। इसे मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण, परिवहन एवं कृषि उपयोगी पशुओं पर पशु क्रूरता निवारण नियम 1965 के अनुसार बस्तर जिले के सीमा अंतर्गत पशुओं के सहायता से चलने वाले समस्त साधन जिसमें भारवाहन या सवारी परिवहन का कार्य किया जाता है। ऐसे पशुओं का दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच तत्काल प्रभाव से आगामी 30 जून 2024 तक भारवाहन या सवारी परिवहन हेतु उपयोग पर प्रतिबंधित किया गया है। यह आदेश तत्त्काल प्रभावशील होगा ।

## मानपुर में बाल विवाह सामाजिक अभिशाप रोकथाम के लिए अंतर्विभागीय कार्यशाला आयोजित

**मोहला 7 मई।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देशानुसार गतदिवस बाल विवाह मुक्त जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के उद्देश्य से विकासखंड मानपुर में बाल विवाह सामाजिक अभिशाप रोकथाम अंतर्विभागीय कार्यशाला का आयोजन मानपुर के सामुदायिक भवन में किया गया। कार्यशाला में सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, बिहान की महिलाओं की संगोष्ठी सह बैठक रखी गई थी। जिसमें बाल विवाह सामाजिक अभिशाप के संबंध में जानकारी देते हुए, दंड के प्रावधान की जानकारी दी गई, कार्यशाला में उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा शपथ लिया गया कि हम बाल विवाह नहीं होने देंगे और लोगों को बाल विवाह नहीं करने के लिए जागरूक करेंगे। साथ ही कार्यशाला के बाद मानपुर में बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में बाल विवाह रोकथाम के नारे लगाते हुए बाल विवाह सामाजिक अभिशाप का संदेश देते हुए रैली का आयोजन किया गया। कार्यशाला में परियोजना निदेशक श्री हेमंत ठाकुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री ए के कौर, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास अर्चना दुर्गम, बीपीएम रामकुमार विश्वकर्मा सहित सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, बिहान की महिलाओं की संगोष्ठी उपस्थित थे।

## शिक्षा मण्डल की हेल्पलाईन पर पूछा प्रश्न- तनाव हो रहा है, मेरा रिजल्ट क्या होगा

**रायपुर, 7 मई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 1 मई से 15 मई तक परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए टोल-फ्री नम्बर 18002334363 पर सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाईन टेली मानस टोल-फ्री नम्बर 14416 पर चौबीस घण्टे सातों दिन निःशुल्क परामर्श दिया जा रहा है। टोल-फ्री हेल्पलाईन पर आज प्रश्न पूछा गया कि रिजल्ट कब तक आयेगा, फिक्स डेट बता सकते हैं क्या? तनाव हो रहा है, मेरा रिजल्ट क्या होगा? कितने नम्बर में पास होते है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा चिन्हाकिंत मनोवैज्ञानिक, चिकित्सकों, कैरियर काउंसलर द्वारा पूछे गए प्रश्नों और समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती रेणु जी पिल्ले के संरक्षण में एवं सचिव श्रीमती पुष्पा साहू के आदेशानुसार हेल्पलाईन नम्बर 18002334363 संचालित है। इस हेल्पलाईन पर राजस्थान, मध्यप्रदेश से भी कैरियर संबंधी और अपने बच्चों की पढ़ाई के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किए गए है। परीक्षा परिणाम के पूर्व विद्यार्थियों के मन में परीक्षा परिणाम के भय से होने वाले तनाव के प्रबंधन, कैरियर, विषय चयन संबंधी मार्गदर्शन के लिए आज मनोवैज्ञानिक, कैरियर काउंसलर तरूण कुकरेजा एवं डॉ. वर्षा वरवंडकर, मण्डल के उपसचिव श्री जे.के. अग्रवाल, नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार साहू के नेतृत्व में सहायक प्राध्यापक श्रीमती प्रीति शुक्ला द्वारा परीक्षार्थियों, अभिभावकों में परीक्षा परिणाम से पूर्व उनके मन में आने वाले विभिन्न प्रकार के प्रश्नों, समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। मण्डल के हेल्पलाईन नम्बर पर आज कुल 42 फोन कॉल आए। आगामी दिवस 07 मई को प्रातः 10.30 बजे से 01.30 बजे तक डॉ. स्वाती शर्मा एवं अपरान्ह 2 बजे से सायं 5 बजे तक श्री तरूण कुकरेजा मनोवैज्ञानिक, कैरियर काउंसलर, मनोचिकित्सक के द्वारा समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

# जनहित में अतिक्रमण की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं

### आम रास्ता को बंद कर निस्तारी नाला पर मेंन गेट लगा बेखौफ निर्माण, वार्डवासियों सहित पार्षद ने निर्माणकार्य रोकने की मांग की थी

■ तहसीलदार,मुख्यनगर पालिका सहित थाने में सौंपा ज्ञापन।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ 7 मई।** वर्षो से आम रास्ता व मुख्य निस्तारी नाला को बंद कर मकान निर्माण करा अतिक्रमण करने की शिकायत सामने आई थी जिसके बाद वार्ड वासियों सहित पार्षद सहित प्रार्थी गुनवंत अंबादे राजस्व विभाग के अधिकारियों को मौका स्थल का फोटो सहित लिखित आवेदन देकर निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की गई थी। शिकायत के 05 दिन बितने के बाद भी शासन प्रशासन आँखे मूंद नाले के ऊपर अतिक्रमण करने वालो का



साथ देता नजर आ रहा है जिससे कई प्रकार के सवाल खड़े होने लगे है।बताया जाता है कि वार्ड क्र 02 दंतेश्वरी पारा में पूर्व पार्षद देवेंद्र साखरे के द्वारा आम रास्ता व शासकीय निस्तारी नाला को बंद कर बेधड़क मकान निर्माण कराया जा रहा था व अब बेधड़क निस्तारी नली व आम रास्ता गली को बंद कर दिया गया है। जिसकी शिकायत पार्षद राजेश गजभीये सहित प्रार्थी गुनवंत अंबादे ने एसडीएम, तहसीलदार व नपा प्रशासन से की गई थी और निर्माण कार्य पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की गई है। वार्डवासियों ने बताया था कि अतिक्रमण की शिकायत पर वार्डवासियों व पार्षद ने श्री साखरे को समझाने का प्रयास किया गया पर वे नहीं माने व निर्माण नहीं रोका गया। बताया गया कि यह 4 बाई 4 का निस्तारी नाला पाईप फैक्ट्री से प्रारम्भ होकर लगभग 200 मीटर की दूरी पर मुख्य नाले में समाहित होता है इस बीच कई जगह नाला के ऊपर अतिक्रमण किया गया है जो जाँच का विषय है। वही बताया गया कि बारिश के समय में नाले भर जाता है व नाला बंद हो जाने से बारिश का पानी लोगों के घर में घुसेगा व नाले की साफ सफाई में नगर पालिका को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### तहसीलदार ने रोक लगाने का दिया था आश्वासन

शिकायत के बाद तहसीलदार मुकेश ठाकुर ने कहा कि आम रास्ता व शासकीय नाला पर किसी का अतिक्रमण नहीं हो सकता। नगर पालिका को अवगत करा मौके पर जाँच कर निर्माण कार्य को रोकने की कार्यवाही की जायेगी। परंतु शिकायत के 04 दिन बीत जाने के बाद भी कोई अतिक्रमण पर कोई कार्यवाही नहीं की गई।

# सेल्फी जोन मे 700 से अधिक महिलाओं ने खिंचाई फोटो




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव 7 मई।** मतदान के तीसरे चरण मे आज 18 साल के युवक से लेकर 100 साल तक के बुजुर्गो ने भी मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व मे अपनी जिम्मेदारी निभायी। पत्थलगांव विधानसभा मे बनाये गये 275 पोलिंग बूथ मे से अधिकांश बूथ मे सुबह से ही मतदान करने वाले की भीड देखते ही बन रही थी। आत्मानंद स्कूल मे बने बूथ क्रमांक 174 मे सुबह 6 बजे ही मतदान करने वालो की कतार लग गयी थी। सुबह 7 बजे प्रशासनिक अमले ने जैसे ही बूथ के गेट खोले मतदान करने वालो के चेहरो मे उत्साह दिखने लगा। यहा महिलाओ की संख्या सबसे अधिक थी,सुबह 7 बजे बूथ क्रमांक 174 मे लगभग 100 से अधिक महिलायें वोट डालने पहुंची हुयी थी,वार्ड क्रमांक 4 से यहा पहली मर्तबा देवांश मित्तल ने अपनी 18 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद वोट डाला तो वही वार्ड क्रमांक 5 के 99 वर्षीय बुजुर्ग सोहन राम ने भी अपने परिजनो का हाथ थामकर वोट डालने पहुंचे। बूथ मे तैनात सुरक्षाकर्मी बुजुर्गो की काफी मदद कर रहे थे,उनके द्वारा बुजुर्गो का हाथ थाम उन्हे अंदर तक ले जाया जा रहा था। आज सुबह से ही तीसरे चरण के मतदान मे काफी भीड देखने को मिली। लोगो के अंदर मतदान करने का उल्लास छाया हुआ था,प्रशासन द्वारा भी अधिक से अधिक संख्या मे मतदान करने की लंबे समय से अपिल की जा रही थी,जिसका असर आज देखने को मिला। दोपहर तक 52 फिसदी मतदान पूर्ण हो चुका था।

700 से अधिक महिलाओ ने ली सेल्फी-:मतदान के प्रति लोगो का रूझान बढाने के लिए प्रशासन ने नये-नये हथकंडे अपनाये हुये थे,एक ओर जहा मतदाता की सुविधा के लिए शीतल पेय जल,छाया व सुरक्षा का भरपूर इंतजाम था तो वही युवक युवतीयां एवं महिलाओ को आकर्षित करने के लिए बूथ के करीब सेल्फी जोन भी बनाये गये थे,जिसे काफी बेहतर ढंग से सजाया गया था। जानकारी के अनुसार आत्मानंद स्कूल परिसर मे बनाये गये सेल्फी जोन मे शाम तक लगभग 700 महिलाओ ने सेल्फी खिंचायी थी।।

विधायक ने परिवार सहित किया मतदान-:क्षेत्रिय विधायक गोमती साय ने अपने गृह ग्राम मे पूरे परिवार समेत मतदान करने पहुंची। उन्होने इस दौरान लोगो ने अधिक से अधिक संख्या मे मतदान करने की अपिल भी की। उनका कहना था कि हर एक वोट कीमती है,उसकी अहमियत लोकतंत्र के महापर्व मे एक पूर्णाहुति के समान है। उनका कहना था कि एक वोट राष्ट्रहित के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकता है,यह हर व्यक्ति का सम्मान के साथ सुरक्षा से जुडा हुआ है।।

चेंबर ऑफ कामर्स ने करी जलपान व्यवस्था-:व्यापारियों का संगठन चेंबर ऑफकामर्स ने भीषण गर्मी को देखते हुये सुबह से ही हर एक पोलिंग बूथ मे शीतल पेय जल की व्यवस्था कर रखी थी,इस संगठन के एक दर्जन युवक हर एक पोलिंग बूथ मे जाकर ठंडा पानी के पैकेट उपलब्ध करा रहे थे। चेंबर ऑफकामर्स के सदस्य अंकुर गोयल ने बताया कि इस मर्तबा मतदाताओ मे वोट देने का काफी उत्साह देखने को मिल रहा है,भीषण गर्मी रहने के बाद भी मतदाता लाईन लगाकर वोट देने को आतुर है। उन्हे गर्मी मे परेशानी से थोडी राहत पहुंचाने के लिए चेंबर ऑफकामर्स ने पैकेट बंद शीतल पेय जल की व्यवस्था की थी।

सहायक निर्वाचन अधिकारी ने लिया जायजा-:सहायक निर्वाचन अधिकारी आकांक्षा त्रिपाठी ने पत्थलगांव विधानसभा के हर एक पोलिंग बूथ मे जाकर वहा की व्यवस्था का दिनभर जायजा लिया। शाम ढलते तक कही से भी किसी प्रकार की गडबडी की बातें सामने नही आयी थी। सहायक निर्वाचन अधिकारी आकांक्षा त्रिपाठी ने बताया कि दोपहर तक लगभग 52 प्रतिशत लोगो ने अपने मत का प्रयोग कर लिया था।

## कलेक्टर ने मानपुर विकासखंड के खरीदी केन्द्रों से धान उठाव का किया निरीक्षण

**मोहला 7 मई ।** कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन ने आज मानपुर विकासखंड के उपार्जन केन्द्रो से धान उठाव का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र सीतागांव का निरीक्षण कर उपार्जन केन्द्र में फैले हुये धान को व्यवस्थित करने प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया गया। उपार्जन केन्द्र में अपने समक्ष धान का भौतिक सत्यापन कराया गया जिसमें धान की कमी पाये जाने पर तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया हैं। जवाब संतुष्टी प्रद नही पाये जाने पर कड़ी कार्यावाही करने निर्देशित किया गया है। इसी क्रम मे उपार्जन केन्द्र औंधी एवं सरखेड़ा का निरीक्षण कर प्रभारी के विरुध्द नोटिस जारी किया गया है। समिति प्रबंधकों को बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार उपार्जन केन्द्रों मे धान की शार्टेज मान्य नहीं किया जायेगा। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी मानपुर श्री अमित योगी, खाद्य अधिकारी श्री आशीष रामटेके, बैंक नोडल श्री एस.एल. ठाकुर, एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## नगर निगम करा रहा वार्डो में सीसी रोड, नाली निर्माण एवं डामरीकरण

**राजनांदगांव 7 मई।** नगर निगम द्वारा वार्डो में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड, नाली निर्माण एवं डामरीकरण कराया जा रहा है, इसी कडी में शक्ति नगर एवम् वर्धमान नगर में भी निर्माण कार्य किया जा रहा है, निर्माण की कडी में सीसी रोड निर्माण नवम्बर महीने के आस पास शक्ति नगर एवम् वर्धमान नगर में बनाई गयी है। उल्लेखनिय है कि निर्माणाधीन रोड के पास में स्थित बाइक शोरूम के द्वारा गलत तरीके से 20-25 टन वजनी वाहन को किनारे में चलाया गया हैं जिससे रोड पर दरार पड़ गयी है, जिसे पुनः ठेकदार द्वारा ठीक करवा कर शेष बचे हुए सीसी रोड के कार्य को करवाया जाएगा। उक्त रोड का कार्य 25 प्रतिशत हुआ है एवम् रोड निर्माण हेतु संबंधित ठेकेदार को कोई भुगतान नहीं किया गया है, गुणवत्ता सुनिश्चित उपरांत ही भुगतान, संबंधित ठेकेदार को किया जाएगा तथा रोड के दोनों तरफ के शोल्डर को मुरूम द्वारा भरा जा रहा है। साथ ही वार्डो के खराब सड़को को संबंधित ठेकेदार द्वारा पुनः ठीक करवाया जा रहा है, इस संबंध में उन्हें नोटिस भी दिया जा रहा है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने नव प्रवेशियों का किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 7 मई।** लोकसभा चुनाव को कुछ ही घंटे शेष बचे हैं और भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में गुरूवार को प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, जिलाध्यक्ष रूपसिंह मंडावी और लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप के समक्ष 10 अधिवक्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसके साथ ही डोर-टू-डोर संपर्क के दौरान महेन्द्र कर्मा वार्ड और माता संतोषी वार्ड से 40 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता विद्याशरण तिवारी, महापौर सफीरा साहू, आयेन्द्र सिंह आर्य,आलोक अवस्थी, यशवर्धन राव, विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सपन देवांगन सहित भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



समाचार संक्षेप

## बादल अकादमी में विकासखण्ड स्तरीय बालवाड़ी प्रशिक्षण



**जगदलपुर 7 मई ।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आसना स्थित बस्तर एकेडमी ऑफ डांस आर्ट एंड लिटरेचर (बादल) में विकासखण्ड स्तरीय ईसीसीई के तहत बालवाड़ी के शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण के पहले कार्यक्रम में 03 से 05 मई तक जगदलपुर विकासखण्ड के बालबाड़ी के शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य 05 से 06 साल तक के बच्चों को खेल के माध्यम से शिक्षा देने हेतु दिया जा रहा है। इसके अलावा 06 मई से 08 मई तक विकासखण्ड बस्तर और विकासखण्ड बकावण्ड के बालबाडी के शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बस्तर एकेडमी ऑफ डांस आर्ट एंड लिटरेचर (बादल) आसना, जगदलपुर में प्रशिक्षण दिया जाना है।प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से सांय 05रू30 बजे तक दिया जा रहा है।

## ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन बादल अकादमी में



**जगदलपुर,7 मई ।** बस्तर एकेडमी आफ डांस आर्ट एंड लिटरेचर (बादल) में 01 मई से 30 मई तक एक माह का ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया है। इस 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर में विभिन्न विधाओं को सिखाया जा रहा है। जिसमें अलग-अलग विधाएं हल्बी भाषा, गोंडी भाषा, गायन, वादन, हस्तकला, डांस, चित्रकला और नाटक सिखाया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन शिविर सुबह 11 बजे से शाम 04 बजे तक अलग-अलग गतिविधियां सिखायी जा रही हैं। शिविर में प्रशिक्षणार्थी अलग-अलग गांव और शहर से बच्चे बड़े उत्साह से सीख रहे हैं और काफी लाभान्वित भी हो रहे हैं।

## एसईआरबी प्रायोजित मैकेनिक्स एंड मटेरियल्स फॉर बायोमेडिकल एप्लीकेशंस पर कार्यशाला आयोजित

**रायपुर, 7 मई।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में दिनांक 30 अप्रैल से 6 मई तक मैकेनिक्स एंड मटेरियल्स फॉर बायोमेडिकल एप्लीकेशंस पर आयोजित हाई एंड वर्कशॉप (कार्यशाला) का समापन हुआ । यह वर्कशॉप साइंस × इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड (एसईआरबी), भारत सरकार द्वारा प्रायोजित थी। इस वर्कशॉप में पूरे देश से 25 प्रतिभागी शामिल हुए जिसमें से भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, आईआईआईटी बीएचयू, आईआईआईटी दिल्ली , एनआईपीईआर, एमएनएनआईटी जैसे भारत के प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञों के 33 सत्र आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में प्रैक्टिकल और ट्रेनिंग सेशन भी आयोजित हुए। समापन कार्यक्रम में डीन (आर × सी) डॉ. पी दीवान, चेयरमैन सीईसी डॉ. शुभोजित घोष, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के हेड डॉ. बिकेश कुमार सिंह, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. निशांत के. सिंह, डॉ. एम. मारीस्वरन , फैकल्टी और प्रतिभागी उपस्थित रहे।








**रायपुर 7 मई।** लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं में रहा उत्साह।

### जिला मोहला मानपुर अं.चौकी के 229 विद्यार्थियों ने पास की छात्रवृत्ति परीक्षा

# राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण छात्रवृत्ति परीक्षा में मोहला के 171 विद्यार्थी उत्तीर्ण

**मोहला 7 मई ।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद रायपुर द्वारा आयोजित बहु प्रतिष्ठित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण छात्रवृत्ति परीक्षा में मोहला विकासखंड के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। विकासखंड के 53 पूर्व माध्यमिक शालाओं से 171 विद्यार्थी इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। वही जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी से कुल 229 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। राज्य स्तर पर 2246 विद्यार्थी इस परीक्षा को पास कर पाए हैं। पूर्व माध्यमिक शाला डुमरटोला से सर्वाधिक 23 बच्चे चयनित हुए है।



विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला श्री राजेन्द्र कुमार देवांगन ने बताया कि इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिमाह 1000 रूपय की छात्रवृत्ति कक्षा 9वी से 12वीं तक 4 वर्षो तक प्राप्त होती है। कक्षा 8 में अध्ययनरत शासकीय स्कूल के बच्चे इस परीक्षा को देते है। प्राप्त होने वाले इस छात्रवृत्ति से विद्यार्थियों को अपने आगे की पढ़ाई में सहयोग प्राप्त होता है। यह परीक्षा एनसीईआरटी निर्देशन में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से आयोजित किया जाता है। ज्ञात हो की पूर्व सत्र में भी मोहला विकासखंड से 207 विद्यार्थी इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे।

मोहला विकासखंड की इस सफलता पर कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन, जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे ने मोहला की टीम को बधाई प्रेषित किया है। इस उपलब्धि में श्री खोमलाल वर्मा, श्री नूतन साहू, श्री दिनेश सिंह, श्री राकेश देवांगन, श्री जीवन नायक, श्री राजकुमार यादव, श्री मार्टिन मसीह, श्री जितेंद्र पटेल, श्री मलेश मालेकर व ब्लॉक के सभी संकुल समन्वयकों, प्रधान पाठकों तथा शिक्षको का विशेष योगदान रहा है।

मोहला विकासखंड में अधिकारियों एवं शिक्षकों के प्रयास से जिला खनिज न्यास के सहयोग द्वारा शिखर कोचिंग कार्यक्रम चलाया जाता है। जिसमें बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। समय-समय पर टेस्ट आयोजित किए जाते हैं। पढ़ने के लिए पाठ्य सामग्री निशुल्क प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम के कारण सभी स्कूल स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में मोहला विकासखंड अव्वल रहा है।

## एक नजर

### पालना घर में समर कैम्प शुरू



**महासमुंद, 7 मई।** कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित पालना घर (मोर दाई के कोरा) में सोमवार से 3 से 10 साल तक के बच्चों के लिए समर कैम्प आयोजित किया जा रहा है। समर कैम्प में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास तथा साथ ही मनोरंजन के लिए ड्राइंग व जुंबा डांस जैसे गतिविधियां कराई जा रही है। जो भी पालक अपने बच्चों को पालना घर के समर कैम्प में भेजना चाहते है वे मोबाईल नम्बर 74770-86380 पर सम्पर्क कर सकते हैं। समर कैम्प सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक संचालित किया जाएगा।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए संस्थाएं जानकारी 10 मई तक दें

**महासमुंद 7 मई ।** शिक्षा सत्र 2023-24 अंतर्गत महाविद्यालय स्तर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन, पाठ्यक्रम सत्र परिवर्तन एवं तीनों परिवर्तन संबंधित विद्यार्थियों की जानकारी संबंधित संस्थाओं से मंगाई गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने उक्त जानकारी निर्धारित प्रपत्र में हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में 10 मई 2024 दोपहर 03:00 बजे तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास महासमुंद में उपलब्ध कराने कहा है। उक्त तिथि तक जानकारी जमा नहीं होने की स्थिति में योजना का लाभ से विद्यार्थी द्वारा वंचित होने की स्थिति में संस्था प्रमुख/विद्यार्थी स्वयं जवाबदार होंगे।

### संविदा भर्ती के लिए 14 मई तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**महासमुंद 7 मई ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिले में विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। आवेदकों द्वारा ऑनलाईन दिए गए जानकारी अनुसार पात्र-अपात्र की सूची जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि संविदा पदों पर भर्ती के लिए 6 मई से 14 मई 2024 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि दावा आपत्ति करने की अंतिम तिथि 14 मई 2024 तक शाम 05:30 बजे तक निर्धारित प्रारूप में कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर तथा रजिस्टर्ड डाक/स्पीड के माध्यम से दावा-आपत्ति जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात किसी भी माध्यम से दावा आपत्ति स्वीकार/मान्य नहीं किया जाएगा।

### राजमिस्त्री लड़खड़ाकर गिरा, अस्पताल में मौत

**कोरबा 7 मई ।** जिले में घर से निर्माणाधीन मकान में काम करने पहुंचा एक राजमिस्त्री अचानक लड़खड़ाकर गिर गया। उसे मौके पर मौजूद मजदूरों ने आनन-फानन में इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल दाखिल कराया, जहां थोड़ी ही देर बाद उसकी मृत्यु हो गई। मृतक पूरी तरह से स्वस्थ था। वह बीते एक माह से लगातार धूप में काम कर रहा था। आशंका जताई जा रही है कि लू की चपेट में आने से उसकी मृत्यु हुई होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद वस्तुस्थिति स्पष्ट होगी।सिविल लाइन रामपुर थानांतर्गत खरमोरा में जगदेव यादव 58 वर्ष परिवार सहित निवास करता था। पेशे से राजमिस्त्री का काम करने वाला जगदेव बीते एक माह से खरमोरा में निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था। वह प्रतिदिन की तरह करीब आठ बजे घर से काम करने निकला। वह निर्माण स्थल पर पहुंचने के बाद बैठा हुआ था। थोड़ी देर बाद जैसे ही जगदेव खड़ा हुआ, वह लड़खड़ाकर गिर गया। जिसकी जानकारी मौके पर मौजूद उसके साले ने स्वजनों को दी। वह अपने जीजा को बिना समय गंवाएं मेडिकल कालेज अस्पताल दाखिल कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मामले की सूचना मिलने पर अस्पताल पुलिस ने परिजनों का बयान दर्ज किया। इस दौरान मृतक के पुत्र ने बताया कि उसके पिता पूरी तरह से स्वस्थ थे। वे बीते एक माह से तेज धूप में भी मकान निर्माण का काम कर रहे थे। संभवतः उनकी मौत लू की चपेट में आने से हुई होगी। हालांकि इस बात की पुष्टि चिकित्सकों ने नहीं की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण की वास्तविक जानकारी सामने आएगी।

### तीन केंद्रों में 1704 परीक्षार्थियों ने दी नीट की परीक्षा

कोरबा 07 मई । राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 2024 का जिले के तीन परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया गया।

इनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बालको, न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल व सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस परीक्षा में कोरबा अंचल व आसपास के क्षेत्र के पात्र 1751 परीक्षार्थियों में से 1704 परीक्षार्थी उपस्थित और 47 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला कोआर्डिनेटर कैलाश पंवार ने इस परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सहयोग करने वालों का आभार जताया है।

# गोमती साय ने जोगी कांग्रेस के नेताओं को कराया भाजपा प्रवेश

- तरुण एवं मोनू के साथ सैकड़ों ने थामा भाजपा का दामन

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खरसिया, 7 मई।** रायगढ़ लोकसभा की संयोजक पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय ने अपने नेतृत्व में खरसिया जोगी कांग्रेस के दिग्गज नेता तरुण सिंह ठाकुर अध्यक्ष जनता कांग्रेस लोकसभा रायगढ़, मोनू केसरी अध्यक्ष विधानसभा खरसिया, सतीश शर्मा नगर अध्यक्ष जनता कांग्रेस खरसिया एवं रोशन साहू सहित सैकड़ो को करवाया भाजपा प्रवेश। लोकसभा चुनाव के पूर्व खरसिया की राजनीतिक सामाजिक धार्मिक पृष्ठभूमि में सक्रिय नेता तरुण ठाकुर, मोनू केसरी का भाजपा में प्रवेश करना खरसिया भाजपा में बहुत ही फायदेमंद होगा, क्योंकि तरुण ठाकुर और मोनू केसरी के पास युवाओं का हुजूम है जो सदा ही खरसिया की राजनीति में अपनी एक छाप छोड़ती है विगत दिनों मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के चपले आगमन पर 100 कारो की रैली खरसिया से चपले के लिए निकाली थी जो लोगों को ये सोचने पर मजबूर कर देता है कि.. दम हो तो ऐसाज्भाजपा में शामिल हो जाने पर निश्चित तौर पर ये ताकत दोगुनी हो जाएगी भाजपा में सम्मिलित होने वाले नेताओं में प्रमुख रूप से तरुण सिंह ठाकुर अध्यक्ष रायगढ़ लोकसभा जनता कांग्रेस मोनू केसरी अध्यक्ष खरसिया विधानसभा जनता कांग्रेस, सतीश शर्मा नगर अध्यक्ष जनता कांग्रेस खरसिया, रोशन साहू वार्ड अध्यक्ष 14 जनता कांग्रेस खरसिया सहित सैकड़ो लोगों ने आज जशपुर में भाजपा का दामन पकड़ लिया है। जिससे निश्चित तौर पर खरसिया भाजपा सशक्त होगी मोदी जी के 400 पार का संकल्प पूरा करने इन दोनों नेताओं का भी योगदान होगा ।

## पिछड़ा वर्ग मोर्चा की सक्रियता से भाजपा को मिलेगा प्रचंड बहुमत:राकेश चंद्राकर

महासमुंद। छत्तीसगढ़ में होने वाले तीसरे चरण के मतदान और प्रजातंत्र के इस महापर्व को लेकर प्रदेश की जनता उत्साहित हैं। प्रदेश के सभी 11 सीटों पर पूर्ण बहुमत से कमल खिलने वाला है तथा प्रदेश सहित देश में प्रचंड मतों से भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित है। उक्त वक्तव्य भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने कही।



श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश भर से जिस तरह संभावनाएं दिख रहे हैं, लगातार होती रही चुनावी सभाओं में जैसी भीड़ उमड़ी, जिस तरह माताओं-बहनों का स्नेह दिख रहा था, उससे यह तय हो गया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा पूरी की पूरी ग्यारह सीटें जीत कर विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में भी इतिहास बनाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपाध्यक्ष जगत प्रकाश नड़्डा, गृह मंत्री अमित शाह, योगी आदित्यनाथ समेत सभी राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं हुई, जिससे भाजपा के पक्ष में और अधिक सकारात्मक वातावरण का निर्माण हुआ। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक के पदाधिकारियों की सक्रियता से पार्टी के पक्ष में बेहतर माहौल बना है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के समस्त कार्यकर्ता मोदी सरकार की दस वर्ष की उपलब्धियों और प्रदेश सरकार की मोदी गारंटियों को पूरा करने का संदेश जनता तक ले जा पाने में सफल हुई है। जिसका सकारात्मक परिणाम 4 जून कोाँ दखाई देगा। चंद्राकर ने कहा कि देश भर में कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने नकारात्मकता और दुष्प्रचार, बदजुबानी की सारी सीमाएं लांघ दी। विशेषकर छत्तीसगढ़ में। छग की सभ्यता और संस्कृति के लिए देश-दुनिया में प्रशंसित चर्चित है। वहाँ पर कांग्रेस ने जिस तरह का झूठ, दुष्प्रचार और शालीनता की सीमा पार की, उसे किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इंडी गठबंधन व कांग्रेस द्वारा फैलाए गए दुष्प्रचार का जवाब जनता देने को तैयार है।

### बाल विवाह रोकथाम के लिए चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**महासमुंद 7 मई ।** जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक के निर्देशन व महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला पंचायत सहायक परियोजना अधिकारी के मार्गदर्शन में एनआरएलएम के महिला समूह द्वारा पूरे जिले में बाल विवाह रोकथाम हेतु रंगोली, शपथ ग्रहण, नारा लेखन के माध्यम से जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्व सहायता समूह के सक्रिय कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव में किशोरियों के साथ बैठक कर बाल विवाह की जानकारी देते हुए स्वयं एवं समाज में बाल विवाह पूर्णतः बंद करने की शपथ ले रहे है। साथ ही रंगोली व नारा लेखन के माध्यम से भी गांव के लोगों को समाज में व्याप्त बुराई को मिटाने एवं विवाह की उम्र हो जाने पर ही विवाह करने हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा एवं छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त प्रदेश बनाने में आगे बढ़ाएगा।

## शहर की स्वच्छता पर सीएमओ ने जताई नाराजगी, व्यवस्था में सुधार के दिए निर्देश



महासमुंद। शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने सोमवार को अधिकारी-कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने प्रभारी सहित सफाई जमादारो, सुपरवाइजरो को स्वच्छता में लापरवाही बरतने पर फटकार लगाई। उन्होंने सभी सुपरवाइजरो (सफाई जमादार) को मैदान में रहकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को देखते हुए नगर पालिका अधिकारी ने सफाई व्यवस्था की समीक्षा बैठक आहुत की। इसमें स्वच्छता प्रभारी दिलीप चन्द्राकर, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, सफाई जमादार जीतू सोनी, सुरेश प्रसाद तिवारी, हेम सिगं ध्रुव, सुपरवाइजर लाल चंद्र सेन्द्रे, महेश कुमार, वीर कुमार, विकास कुमार यादव, गोपाल किशन सोना समेत अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने निर्देशित किया कि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुऐ अभी से सफाई व्यवस्था में मुस्तैद रहकर कचरे का उचित निपटान करने की आवश्कता है।

*स्वच्छता में लापरवाही सीएमओ ने लगाई फटकार*

बैठक में शुरुआत में ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने स्वच्छता व्यवस्था में लापरवाही होने पर प्रभारियोंको जमकर फटकारा। श्री रात्रे ने कहा, शहर में स्वच्छता व्यवस्था में लापरवाही बरती जा रही है। कुछ स्थानों से कचरा संग्रहण नहीं हो रहा है, वहीं निपटान में भी लापरवाही भी बरती जा रही है। पालिका में पदस्थ नियंत्रण कर्ता भी लापरवाही बरत रहे हैं। शहर में अब स्वच्छता सर्वेक्षण के मानकों के अनुसार ही सफाई व्यवस्था होगी। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सफाई व्यवस्था नियंत्रणकर्ता से कहा की देखने में आया है कि आप फील्ड में रहकर कार्य कराने में रूचि नहीं ले रहे है जिसके कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। आज से सब फिल्ड में रहकर कार्य कराऐंगे। उनके द्वारा कभी भी अचानक निरीक्षण किया जा सकता हैं। सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### शासकीय उद्यान रोपणी भाठागांव में आम फलों की नीलामी 9 मई को

**धमतरी 7 मई ।** कुरूद विकासखण्ड के शासकीय उद्यान रोपणी भाठागांव में आगामी 9 मई को आम फलों की नीलामी दोपहर ढाई बजे से की जायेगी। सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि इसके लिए अमानत राशि 5 हजार रूपये उक्त तिथि को दोपहर 2 से ढाई बजे तक ली जायेगी।

### कोपेडीह की महिलाओं ने नशामुकत ग्राम बनाने लोगों को किया प्रेरित

**धमतरी 7 मई ।** ग्रामीणों को नशा से मुक्ति दिलाने का बीड़ा कुरूद विकासखण्ड के ग्राम कोपेडीह (हंचलपुर ) की महिलाओं ने उठाया है। इसके लिए उन्होंने रैली के जरिए नशामुक्ति आभियान चलाकर गांव को नशा मुक्ति ग्राम बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही गांव को स्वच्छ रखने का भी संकल्प लिया।

## कलेक्टर ने बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

धमतरी 7 मई । कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार बारी-बारी से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम के चलते भू-जल स्तर में गिरावट आ रही है। ग्रामीण इलाकों में पेयजल की कोई दिक्कत ना हो, इसके लिए गांवों में स्थित ऐसे हेण्डपम्प जो खराब है, उनकी आवश्यक मरम्मत की जाये। इसके साथ ही कुओं और टंकियों की साफ-सफाई सुनिश्चित् करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बरसात के पूर्व वाटर रिचार्ज हेतु ऐसे शासकीय भवनों को चिन्हांकित किया जाये, जिनके समीप हैण्डपम्प हों, ताकि बरसाती पानी को रिस्टोर किया जा सके, जिससे भू-जलस्तर बढ़ाया जा सके। उन्होंने ऐसे सभी शासकीय भवनों, हेण्डपम्प और बोर का जियो टैग अनिवार्य रूप से करने कहा, ताकि इनका डाटा संकलित किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि सभी शहरी क्षेत्र में जल उपयोगिता समूह का गठन कराएं। इसमें महिला स्व सहायता समूह, एनआरएलएम, मितानिन इत्यादि को भी जोड़ें।बैठक में कलेक्टर सुश्री गांधी ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख बारिश के पूर्व वृक्षारोपण के लिए स्थल चिन्हांकन और आवश्यक पौधों की जानकारी एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करें। साथ ही पौधरोपण के लिए आवश्यकता अनुसार हॉस्टलवार पौधों की मांग संबंधी प्रस्ताव भी प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम, संयुक्त कलेक्टर श्री रामकुमार कृपाल, श्री विनय पोयाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित थे।स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्कूलों में कैरियार मार्गदर्शन के लिए कैरियर गाइडेंस संबंधी जानकारी देने के निर्देश डीईओ को दिए। उन्होंने कहा कि कैरियर काउंसिलिंग/मेडिटेशन के लिए प्रत्येक हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के शिक्षकों की जिम्मेदारी तय की जाये। मेधावी एवं कमजोर विद्यार्थियों को उनकी क्षमता अनुसार तैयार कर आगे बढ़ाने कहा। व्यायाम शिक्षकों को गावों में खेल खिलाने के लिए निर्देशित करने कलेक्टर ने डीईओ से कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा देने के लिए प्रत्येक स्कूल में कम्प्यूटर सेट की उपलब्धता की जानकारी शीघ्र प्रस्तुत करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि नीट परीक्षा के लिए जिले में 'स्वाध्याय एप' शुरू किया गया है, इससे अधिक से अधिक बच्चों को जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक 2 माह में पालक-शिक्षक संवाद आयोजित कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों और पालकों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहने कहा है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जल संसाधन, लोक निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, आदिवासी विकास विभाग, खाद्य, खनिज, महिला एवं बाल विकास, पंचायत और ग्रामीण विकास, कृषि, उद्यानिकी, मछलीपालन सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा की।

## सीईओ ने विभिन्न योजनाओं में प्रगति लाने ली समीक्षा बैठक



**बीजापुर, 7 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत के सभागार में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमन्त रमेश नंदनवार ने पंचायत विभाग के समस्त मैदानी अमलों की बैठक आहूत कर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। महात्मा गांधी नरेगा योजना में जल संरक्षण जल संचय के कार्यों को प्राथमिकता से कराने के साथ लक्ष्य अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जाबकार्डधारी परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने निर्देशित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत -दो पाली में आयोजित बैठक में मनरेगा अंतर्गत मजदूरों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने, आधार आधारित भुगतान प्रणाली की पंचायत वार समीक्षा की गई। वहीं जन मनरेगा एप के माध्यम से जाबकार्ड नंबर के आधार पर मजदूरी भुगतान की जानकारी का पता लगाया जा सकता है की जानकारी दी।प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जिले में 395 तृतीय किश्त प्राप्त आवासों को 30 मई तक पूर्ण करने निर्देश दिए गए। वहीं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत व्यक्तिगत ,सामुदायिक शौचालय के अलावा सोख पीठ सेरीगेशन शेड को समय सीमा में पूर्ण करने कहा गया ।दो पालियों में आयोजित इस बैठक में जिला स्तर पर योजना के शाखा प्रभारी, जनपद सीईओ, सहित ब्लाक स्तर के योजनाओं में कार्य करने वाले अधिकारी , सचिव रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने विभागों में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

**कांकेर, 7 मई ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और निर्धारित समयावधि में उनके त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों से निर्देशित किया कि जनसमस्याओं से संबंधित आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें।जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में भूमि अतिक्रमण की लगातार शिकायतें मिल रहीं हैं, जिसे सभी एसडीएम गंभीरता से लेते हुए प्रकरणों की जांच कराएं और अनधिकृत रूप से कब्जा करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें। इसी तरह वन अधिकार मान्यता पत्र के लंबित प्रकरणों का परीक्षण करने और पात्रतानुसार हितग्राहियों को लाभ देने के भी निर्देश दिए। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की समस्याओं को लेकर प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को कलेक्टर ने निर्देशित किया। उन्होंने जिले के विभिन्न विद्यालयों में वर्ष 2019 से अब तक के अपूर्ण कार्यों की जानकारी ली और जिला शिक्षा अधिकारी को अपूर्ण निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में शासकीय ब्लड सेंटर एवं ब्लड स्टोरेज सेंटर शुरू करने एवं रेडक्रास सोसायटी हेतु आयुष विभाग के नवीन भवन में कक्ष आबंटित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने विभिन्न शासकीय कार्यालयों में विद्युत बिल की बकाया राशि की जानकारी लेते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि अपने-अपने कार्यालय की बकाया राशि का भुगतान करें।बैठक में वन मण्डाधिकारी श्री आलोक वाजपेयी, श्री हेमचंद पहारे, श्री डी.पी. साहू, एडीएम श्री एस. अहिरवार, श्री बी.एस. उइके एवं श्री जितेन्द्र कुमार कुर्रे, जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले को 20 वर्ष का कारावास

**कोरबा 7 मई ।** घूमाने के बहाने अपने साथ ले जाकर 14 वर्ष की नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपित को 20 वर्ष के कठोर कारावास अपर सत्र न्यायाधीश एफ्टीएससी (पाक्सो) कटघोरा ने सुनाया। साथ ही एक हजार रूपये अर्थदंड से भी दंडित किया। दर्री थाना अंतर्गत एक ग्राम में निवासरत नाबालिग से राजकमल चैरसिया उम्र 19 वर्ष निवासी एमपी नगर से परिचय था। दोनों मिलने के साथ बातचीत भी करते थे। आठ सितंबर 2022 को राजकमल ने नाबालिग को पार्क में मिलने के लिए बुलाया और उसे कोरबा घूमाने के बहाने बाइक में बैठाकर अपने घर ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में र किशोरी को बाइक में बैठाकर वापस उसके घर छोड़ दिया।अतिरिक्त लोक अभियोजक राकेश जायसवाल कटघोरा ने जानकारी देते हुए बताया कि आठ सितंबर को आरोपित राजकमल जब नाबालिग को उसके घर छोड़ा, तब उसके भाई ने देख लिया। उसने अपनी बहन से पूछताछ किया। इस पर किशोरी ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। बाद में मामले की रिपोर्ट थाना दर्री में आरोपित के विरूद्ध दर्ज कराया गया। विवेचना उपरांत धारा ×76 एवं 4 पाक्सो एक्ट के अंतर्गत अभियोगपत्र न्यायालय श्रद्धा शुक्ला शर्मा अपर सत्र न्यायाधीश एफ्टीएससी (पाक्सो) कटघोरा जिला कोरबा में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा विचारण पश्चात आरोपित के विरूद्ध आरोप सिद्ध पाये जाने पर चार मई 2024 को निर्णय पारित कर 20 वर्ष का कठोर कारावास की सजा एवं एक हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक राकेश जायसवाल कटघोरा ने किया।

## मालगाड़ी हुई बेपटरी, छह घंटे कोयला परिवहन रहा बाधित

**कोरबा,7 मई ।** जूनाडीह साइडिंग से गेवरारोड रेलवे स्टेशन के मध्य एक कोयला लोड मालगाड़ी बेपटरी हो गई। घटना के बाद रेलवे व एसईसीएल प्रबंधन में हडकंप मच गया। इससे छह घंटे रेल लाइन पर कोयला परिवहन बाधित रहा। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को जुनाडीह साइडिंग से मालगाड़ी के वैगनों में कोयला ढलान के बाद गाड़ी को आगे बढ़ाया गया।गेवरारोड रेलवे स्टेशन से पहले मालगाड़ी आगे चलकर दो वैगनों का पहिए पटरी से उतर गए। कुछ दूरी पर जाने के बाद लोको पायलट को कुछ अनहोनी महसूस किया, तब मालगाड़ी रोकी। तब तक बेपटरी मालगाड़ी लगभग 100 मीटर दूरी तक घसीटती रही। इसकी वजह से रेल लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलने पर रेलवे व एसईसीएल के अफसर के साथ ही इंजीनियरिंग समेत अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। तदुपरांत मेंटेनेंस का काम शुरू हुआ।

# पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ग्राम तितुरगहन के अंधे कत्ल का खुलासा किया

**बालोद, 7 मई।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 04.05.2024 को अज्ञात आरोपी द्वारा हत्या कर शव को छुपाने के उद्देश्य से बोरी में भरकर सनौद गुरूर मुख्य मार्ग पर ग्राम तितुरगहन में सड़क पर फेंक दिया था। प्रार्थी रामगोपाल देवदास के रिपोर्ट पर थाना सनौद में मर्ग एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपियों की तलाश हेतु पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज श्री रामगोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में, पुलिस अधीक्षक महोदय बालोद श्री एस.आर. भगत के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार जोशी एवं उप पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार बागड़े के पर्यवेक्षण व उप निरीक्षक थाना प्रभारी दुलार सिंग यादव, थाना सनौद एवं उप निरीक्षक जोगेंद्र साहू प्रभारी सायबर सेल बालोद के नेतृत्व में अलग-अलग टीम का गठन किया गया। प्रकरण में अज्ञात मृतिका



के शव का पहचान पश्चात ग्राम रमतरा में मृतिका के पति खिलावन राम साहू उम्र 42 वर्ष से बारिकी से पूछताछ किया गया। काफी पूछताछ के पश्चात खिलावन ने अपने बयान में बताया कि वर्ष 2001 में अपने फुफु दीदी के हत्या के प्रकरण में सजा होने पर सेन्ट्रल जेल रायपुर गया था, वहां पर पहले से मौजूद कैदी ग्राम रामपुर निवासी डीसूराम साहू जो हत्या के मामले में था जिनसे मुलाकात हुआ था। दोनों कैदी होने से आपस में जान पहचान हो गया था। वर्ष 2009 में जेल से छुट कर खेती मजदूरी का काम करता था। शादीशुदा बाल बच्चे वाला होने के बावजूद वर्ष 2012 में गांव में पड़ोस की रहने वाली भेष्वरी उर्फ छोटी साहू के साथ दूसरा विवाह किया था। विवाह पश्चात् मृतिका भेष्वरी के तरफ से 03 बच्चे हैं। शादी के कुछ वर्ष ठीक रहने के पश्चात् दोनों पति पत्नि में आये दिन लड़ाई झगड़ा मारपीट होता रहता था। इसी बात से तंग होकर विगत 02 वर्ष पूर्व अपने दोस्त डीसूराम साहू निवासी रामपुर के साथ मिलकर मृतिका भेष्वरी की हत्या करने का योजना बनाये, इसी योजना के तहत मृतिका का पति खिलावन साहू ने मृतिका का 3,00,000 रू. का बीमा कराया था और अपने दोस्त डीसूराम साहू से दोनों हत्या कर बीमा की राषि को आपस में बराबर-बराबर बांटने के लिये इकरार हुआ था, तब मृतिका के पति खिलावन ने अपने दोस्त डीसूराम को विश्वास में लेकर मृतिका भेष्वरी साहू की हत्या करने के लिए अपने दोस्त डीसूराम को नियुक्त किया और दोनों योजनाबध्द तरीके से घटना दिनांक 04.05.2024 को आरोपी का दोस्त डीसूराम ने फोन के माध्यम से मृतिका को धमतरी बुलाकर, धमतरी बस स्टैण्ड से अपने दोपहिया वाहन टी.व्ही.एस. एक्सल में बैठाकर अपने गांव रामपुर ले जाकर अपने खेत में लेकर गया। वहां पहले से खरीदे गये शराब को मृतिका को पिलाकर नशा होने पर मृतिका के मुंह, नाक को दबाकर बेहोश कर दिया एवं पत्थर से उसके सीने में पटककर हत्या कर दिया। हत्या करने के पश्चात् डीसूराम साहू ने फोन करके खिलावन को बताया कि वह उसकी पत्नि भेष्वरी की हत्या अपने खेत में कर दिया है, तो पति खिलावन साहू ने मृतिका के शव को छुपाने के उद्येष्य से बोरी में भरकर अपने गांव के तरफ लाने के लिये बोला। तब आरोपी डीसूराम साहू ने एक पीले हरे रंग के यूरिया के बोरी में मृतिका के शव को भरकर वायर से बांधकर अपने वाहन टी.व्ही.एस. चैम्प एक्सल में सामने टंकी और सीट के बीच खाली जगह में रखकर रामपुर से सनौद होते हुए खिलावन के गांव जा रहा था कि सनौद गुरूर मार्ग में तितुरगहन के आगे बहुत आदमी खड़े होने से पकड़े जाने के डर से तितुरगहन गांव के पास सड़क में फेंककर वापस अपने गांव रामपुर आ गया। मृतिका का मोबाईल एवं पर्स तथा टी.व्ही.एस. गाड़ी को अपने घर में छुपाकर रखा था।प्रकरण में थाना सनौद के अपराध क्रमांक 90/2024 धारा 302, 201, 120(बी) भा.द.वि. का अपराध दर्ज किया गया। प्रकरण में विशेष टीम के द्वारा क्षेत्र के त्रिनयन एवं सायबर तकनीकी की सहायता से आरोपियों के संबंध में जानकारी इकट्ठा किया गया।

## लोकसभा चुनावः मतदान को लेकर मतदाताओं में सुबह से ही उत्साह का माहौल

# मतदान केंद्रों मे सुबह से लगी कतार, बुजुर्गों ने भी डाले वोट



### नगर पालिका में बनाया गया आदर्श मतदान केन्द्र

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 7 मई।** लोकसभा चुनाव के लिए हुए मतदान को लेकर मतदाताओं मे सुबह से ही उत्साह का माहौल देखा गया सुबह सात बजे से शुरू हुए मतदान मे मतदाता सुबह से ही अपने अपने मतदान केन्द्रों मे पहुंचे और अपना मतदान किया, न.पा. कार्यालय मे बनाये गये आदर्श मतदान केन्द्र मे सुबह सुखमत साहू उम्र 87 साल ने मतदान केन्द्र पहुंचकर अपना मतदान किया, शहर के 51 बूथो मे सुबह से ही मतदान की लाईन देखी गई खासकर न.पा., शक्तिवार्ड, हथनीपारा मतदान केन्द्र, शंकर वार्ड, गांधी मंदिर वार्ड, रामसागर वार्ड, नयापारा, आदि मतदान केन्द्रों मे मतदान के लिए कतार लगी रही।वहीं निर्वाचन अधिकारी एसडीएम नितिन तिवारी, तहसीलदार रेखा चन्द्रवंशी, एसडीओपी आशीष अरोरा, शहर टी.आई.योगिताबाली खापर्डे, ग्रामीण टी.आई.अमित पाटले सहित पूरा प्रशासनिक अमला शांतिपूर्ण चुनाव कराने चाक चौबध व्यवस्था की वही सभी मतदान केन्द्रों मे जाकर वहाँ की व्यवस्था का जायजा लेते रहे भीषण गर्मी के चलते मतदाता सुबह से ही अपना मतदान करने मतदान केन्द्रो मे पहुंचे। गांधीमंदिर वार्ड मतदान केन्द्र 150 मे आज सुबह 7 बजे सबसे पहला मतदान वरिष्ठ पत्रकार संजीव तिवारी ने मतदान किया।




### कलेक्टर-एसपी ने किया मतदान, घरों से निकल शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 7 मई।** कलेक्टर के एल चौहान ने अपने पत्नी उर्मिला चौहान के साथ आज सुबह जिला मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 119 स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम पंडित चक्रपाणि शुक्ल स्कूल पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने समस्त जिले वासियों से लोकतंत्र के इस उत्सव में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। सभी लोग घरों से निकल मतदान करने अवश्य पहुंचे, हमने सभी मतदान केंद्रों अच्छी से अच्छी व्यवस्था करने की पूरी कोशिश किए है। जिससे आम मतदाताओ को किसी भी प्रकार की कोई तकलीफना हो। इस मौके पर कलेक्टर ने सहज सरल लाइन में लगकर अपने बारी का इंतजार किया। इस दौरान उन्होने आम नागरिकों एवं ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों से मुलाकात कर व्यस्थाओ के बारे भी जायजा लिया। वोट देने के पश्चात बनाएं गए आकर्षक सेल्फी जोन में आकर अपने फोटो लिए.कलेक्टर को अपने बीच देखकर मतदान करने आएं फर्स्ट टाइम वोटर ने भी सेल्फी लिए। एसपी ने भी सहज लाइन में लगाकर किया मतदान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने भी सुबह जिला मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 119 स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम पंडित चक्रपाणि शुक्ल स्कूल में ही पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होने भी सभी जिला वासियों से अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की बात की है। उन्होने कहा कि मत देने हमारा अधिकारी ही नही बल्कि हमारा कर्तव्य है। आप सभी बिना किसी भय लालच निर्भीक निष्पक्ष होकर अपने मतों का प्रयोग करे।

### संगवारी मतदान केंद्र में व्यवस्थाओं से गदगद हुए महिला अधिकारी-कर्मचारी

**बलौदाबाजार, 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान के के निर्देश में जिले में महिलाओं द्वारा संचालित संगवारी मतदान केंद्रों में सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। जिसके तहत महिलाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो उसके लिए कूलर, तख्ता सहित सोने के लिए गद्दे तक की व्यवस्था की पहली बार की गई है। जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 3 अंतर्गत संगवारी मतदान केंद्र अमेरा में पहुंचे मतदान कर्मी ममता श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी सभी सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है। बार बार हमारी आवश्यकताओ के बारे में भी लगातार पूछ परख की जा रही है। हमारे लिए कूलर की व्यवस्था भी की गई है जो काबिले तारीफहै। सोने के लिए तखत सहित सोने के लिए गद्दा मुहैया कराई गई है। उसी तरह संगवारी मतदान केंद्र ग्राम पंचायत लाहौद में ड्यूटी करने पहुंचे मतदान कर्मी प्रतिभा मैती ने कहा कि विधानसभा चुनाव के तुलना में इस बार जिला प्रशासन द्वारा अच्छी व्यवस्था की गई है। गर्मी तो बहुत है पर कूलर की व्यवस्था भी गई है जिससे गर्मी से हम सब को बहुत राहत मिल रही है। सोने के लिए पहली बार हम लोगो को तख्ता एवं गद्दा भी प्रदान किया गया है जिसके लिए जिला प्रशासन की जितनी तारीफकी जाएं वह बहुत कम है।

### मतदान केंद्र पहुंचने पर मतदान कर्मियों का किया गया स्वागत

**बलौदाबाजार, 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संसदीय क्षेत्र क्रमांक 3 जांजगीर चाम्पा एवं क्रमांक 8 रायपुर अन्तर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिले के तीनो विधानसभा एवं आंशिक रूप से विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ के कुल 1009 मतदान केंद्रों में मतदान 7 मई 2024 को प्रातः 7बजे से संध्या 6 बजे तक होगा। मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए आदर्श, संगवारी, युवा और दिव्यांग मतदान केंद्र बनाए गए है। इन मतदान केंद्रों को अलग -अलग थींम पर विशेष रूप से सजाया गया है। इसके साथ ही यहां सेल्फी पॉइंट, कूल कॉर्नर, वेटिंग हाल भी बनाए गए हैं। आदर्श मतदान केन्द क्र. 111 - पूर्व माध्यमिक शाला कटगी एवं निपानिया को मड़वा थींम में सजाया गया है। इन मतदान केंद्रों को ग्रामीण अंचल में विवाह कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर तैयार किया गया है। वैवाहिक मड़वा में आम पत्ता, महुआ पत्ता एवम कलश स्थापना किया गया है। छाया हेतु पारंपरिक तरीके से पत्तो का उपयोग ग्रामीण जीवन के प्रतीक सूपा, पर्रा, टुकनी से आकर्षक सजावट के साथ ही मतदाताओं को ग्रीष्म ऋतु में शीतल पेयजल हेतु नींबू शरबत एवं ओआरएस घोल की व्यवस्था, चुनाई चिरई एवम अमिट स्याही के चित्र से सजी सेल्फी प्वाइंट, मतदाताओं के लिए प्रतीक्षा कक्ष बैठक व्यवस्था किया गया है।

### मतदान की झलकियां



**बलौदाबाजार, 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में सुबह 6.00 से मॉकपोल शुरू हुआ। वेब कास्टिंग के जरिए टीम कंट्रोल रूम से मॉकपोल की मॉनिटरिंग कर रही है। पोलिंग स्टेशन सुबह 6.30 बजे से ही मतदाताओं की कतार लगने लगी थी।



**बलौदाबाजार, 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आदर्श मतदान केंद्र निपनिया में बुजुर्ग सुरूज बाई और पियरिया बाई को पिला चावल से तिलक लगाकर स्वागत किया गया।



**सिमगा, 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज को मतदान केन्द्रों में सुबह 6:00 से भीड़ देखने को मिली। भीड़ देखकर ऐसा लगा कि लोग अब जागरुक हो उठे हैं इससे साफ-साफ पता चलता है कि लोग अपने मतदान कर अपने मर्जी की सरकार चुनना चाहते हैं। भीड़ में नवयुवक और बुजुर्ग दोनों ही सम्मिलित हुए। देख कर लग रहा है कि इस बार मतदान का प्रतिशत में वोट बढ़ेगा।



लोकसभा निर्वाचन के लिए संगवारी मतदान केंद्रों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। मतदान को लेकर हर वर्ग में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया।

## लोगों ने उत्साह से लाइन में खड़े होकर वोट दिया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 7 मई।** तीसरे चरण के मतदान को लेकर जिला निर्वाचन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है रायपुर लोकसभा के अंतर्गत पूरे नगर में सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था की गई है मतदान केंद्रों पर पहुंचने वाले मतदाताओं को गर्मी में परेशान न होना पड़े, इसके लिए मतदान केंद्रों पर खास इंतजाम भी किए जा रहे हैं।

जिलों में गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों पर जलजीरा, आम का पना, छाछ, शरबत, पीने के लिए ठंडा पानी, शामियाना, बैठक व्यवस्था, दवाइयां सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही है। इसके व्यापक इंतजाम किए गए हैं।इसके साथ ही हाई स्कूल मैदान नेवरा मतदान केंद्र में गर्मी को ध्यान में रखते हुए पानी, धूप से बचने की व्यवस्था और शौचालय कि व्यवस्था की गई है। कि मतदान दिवस के दिन कड़ी धूप में मतदाता शांति पूर्ण तरीके से मत दे रहे है। अब तक करीब चालीस प्रतिशत



मत दान हो गया है। केबिनेट मंत्री टक राम वर्मा ने परिवार सहित ग्राम तुलसी में मतदान किया नगर के सभी बूथों पर बीजेपी पंडाल में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की ओर मतदान के लिए बधाई दी। श्री वर्मा ने कहा की बृजमोहन अग्रवाल रिकार्ड मतों से चुनाव जीत रहे है।

# खौलते तेल में डाला हाथ और निकाले उड़द दाल के बड़े

## नगर के धुरी परिवार ने निभाई बड़ा खेल की अनोखी परम्परा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरुद, 7 मई।** विभिन्न समाजों में तो शादियों पर अनेकों रस्में निभाई जाती है। लेकिन कुरुद विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम सिर्री के धुरी परिवार द्वारा शादी में अनोखा परंपरा निभाते नजर आएं। धुरी समाज के नंदुराम धुरी के घर उनकी बेटी निशा की शादी में पूरे परिवार वालों ने मिलकर एक अनोखा रस्म निभाया। जिसे देख लोगों ने दांतो तले उंगली दबा ली। इसे बड़ा खेल के नाम से जाना जाता है। शादी में मायन के दिन उनके परिवार के कोई एक सदस्य उपवास रहते हुए और मौन व्रत धारण कर अपने इष्टदेव भगवान भोलेनाथ का आह्वान करते हैं। पश्चात इष्टदेव का विधिवत पूजा पाठ किया जाता है। उसके बाद मंडप में ही परिवार के सभी दंपति एक के बाद एक सिलबट्टे में दाल की पिसाई करते हैं। जिसे सील पोंहना कहा जाता है। जिसे केवल दंपति ही करते हैं। उसके बाद मंडप में ही चूल्हा बनाकर के ऊपर कढ़ाई रखकर उसके खौलते तेल में उड़द दाल का बड़ा बनाया जाता है। 2 व्यक्ति बड़ा बनाते हैं और परिवार के बाकी सभी महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग आदि सदस्य उस खौलते तेल में अपना हाथ डालकर उस गर्म बड़ा को हाथ से ही निकालते हैं और अपने परिजनों की पीठ पर मारते हैं पश्चात उनका प्रणाम कर आशीर्वाद लेते हैं। शादी के समय यह खेल लगभग 2 घंटे तक चलता रहा। बच्चे तक इस रस्म को निभाने में पीछे नहीं रहे। 56 वर्षीय नंदूराम धुरी सहित त्रिलोकी, बलराम, केसरी, सूरज धुरी ने बताया कि विवाह के समय यह अजब गजब रस्म धुरी समाज में ही निभाया जाता है। जहां पर इसे बड़ा खेल के नाम से जाना जाता है। यह रस्म धुरी समाज में पीढ़ी दर पीढ़ी निभाई जा रही है। विवाह के समय इस परंपरा को निभाते 100 सालों से भी ज्यादा हो चुका है। लक्ष्मीनाथ धुरी सहित कुमारी बाई, रामेश्वर, कौशल बाई, तिजो बाई, अश्वनी, रानी, अंजनी, ज्योति, चित्रसेन, देवा बाई, बीरेंद्र, लीना, कान्हा, वियान, मोना, प्रिया, निधि, तिलक, दुजराम, कमल, ईश्वर, गैंदलाल के अतिरिक्त परिवार के अन्य सदस्यों ने खौलते तेल में हाथ डाल गर्म बड़ा निकाल कर बड़ा खेलने की रस्में निभाई।



### लोकसभा आम निर्वाचन के अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत्यु होने पर अनुग्रह राशि की गई जारी

**बालोद, 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान निर्वाचन कर्तव्य पर लगाए गए अधिकारी, कर्मचारी की मृत्यु होने पर छत्तीसगढ़ राज्य अनुग्रह प्रतिकार भुगतान नियम के तहत् 15 लाख रुपए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें बालोद जिले के स्व. खेलन सिंह पटेल की निर्वाचन कर्तव्य के दौरान सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर वैध उत्तराधिकारी उनकी पत्नी सरोज पटेल के लिए 15 लाख रुपए अनुग्रह प्रतिकार राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि स्व. खेलन सिंह पटेल जिले के पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम तरौद में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे।

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा बालोद जिले के स्व खेलन पटेल के उत्तराधिकारी के लिए जारी किया गया 15 लाख रुपए**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202405092200013**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2023-2024
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- किरणदीप सिंह भाटिया,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किरणदीप सिंह भाटिया आ. गुरमीत सिंह भाटिया जाति सिक्ख निवासी वार्ड नम्बर 12 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्र गुरफतेह सिंह भाटिया आ. किरणदीप सिंह भाटिया का जन्म दिनांक 28.04.2016 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 22.05.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

### बड़ी उपलब्धिः स्वीप आरती रैली एवं ऑटो रैली समारोह के लिए पुनः जिला प्रशासन गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से हुआ सम्मानित

## 1 माह के भीतर 5 गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित होने वाला पहला जिला बना बलौदाबाजार भाटापारा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 7 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा को आज पुनः बड़ी उपलब्धि मिली है। जिसके तहत 26 अप्रैल को जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन से सदर रोड़ होते हुए मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत 1 हजार लोगों द्वारा निकाला गया स्वीप आरती रैली के लिए जिला प्रशासन को गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स अवार्ड प्राप्त हुआ है। इसी तरह 18 अप्रैल को आयोजित 150 से अधिक की संख्या में ऑटो रैली के लिए भी गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स अवार्ड मिला है। उक्त कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन के सभी विभागों के द्वारा संपन्न किया गया था। जिला प्रशासन द्वारा चैलेंज को स्वीकार करते हुए आज जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी परिसर में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस आवार्ड के स्टेट प्रतिनिधी सोनल शर्मा ने अपने हाथो से कलेक्टर के एल चौहान को प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्रदान किए। इस तरह पूर्व भी जिले को 8 गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड मिल चुका है। इस सम्मान के साथ जिला



बलौदाबाजार-भाटापारा 10 वीं बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस में नाम दर्ज कराने वाला जिला बन गया है जो जिलेवासियों के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, भाटापारा एसडीएम अमित गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी मतदान अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**कलेक्टर ने दी बधाई :** कलेक्टर के एल चौहान ने कहा हमने रिकॉर्ड के नाम से यह कार्यक्रम आयोजित नही किया था बल्कि जागरूकता हेतु हमने यह कार्यक्रम किया था। पर बाद में इस तरह के कार्यक्रम नही होना पता चला तब इसको चैलेंज किया गया जो स्वीकार हो गया। उक्त आयोजन को बेहद सफल बनाने के लिए नगरीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं को सहित सभी अन्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दिए। उन्होनें कहा कि आप सभी का मेहनत रंग लायी। आप सभी ने बहुत मेहनत कर इस उपलब्धि को हासिल किए। आगे भी भविष्य में इस तरह मेहनत कर समाज को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करते है। जिले में वोटर टर्न आउट बढ़े इस पर सब को मेहनत करने की आवश्यकता है।गौरतलब है की मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप अंतर्गत 1माह के भीतर 5 पुरुस्कार मिला है जो बड़ी उपलब्धि है।जिसमें 12 अप्रैल को 25 किलो मीटर लंबी ट्रैक्टर रैली गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स से सम्मानित हुआ। साथ ही 27 अप्रैल को ही 2 लाख 1 हजार महिलाओं द्वारा लिखें गए स्वीप पोस्ट कार्ड शपथ के लिए, 28 अप्रैल को दीपोत्सव कार्यक्रम सहित आज स्वीप आरती रैली एवं ऑटो रैली के लिए जिला प्रशासन गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित हुआ है।

**पार्टनरशिप नोटिस**

भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 की धारा 72 के तहत सूचित किया जाता है कि मेसर्स साई कंस्ट्रक्शन मां शारदा किराना स्टोर के पास चौरसिया कालोनी मठपुरैना रायपुर (छ.ग.) के संविधान में दिनांक 31/03/24 को भागीदारों के द्वारा आपसी सहमति से भागीदारी समाप्त कर फर्म को बंद किया जाता है।

वास्ते
मेसर्स साई कंस्ट्रक्शन
नरेश सेन
(प्रबंधक भागीदार)

एक नजर

### 95 प्रतिशत अंक हासिल कर रौनव ने बढ़ाया राजधानी का गौरव



**रायपुर 7 मई।** राजधानी के मेधावी छात्र रौनव सोम ने सीआईसीएसई की परीक्षा में परचम लहराया है। घोषित नतीजे में रौनव ने कक्षा दसवीं में 95 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान में उत्तीर्ण हुआ है। वह विज्ञान संकाय में सालेम स्कूल का छात्र है। कालीनगर पंडरी निवासी रेखा-समीर सोम का पुत्र रौनव प्रारंभ से ही प्रतिभाशाली विद्यार्थी रहा है। सालेम स्कूल में उसने सर्वोच्च अंक हासिल किया है। रौनव ने स्कूल के साथ ही राजधानी व समाज-परिवार का गौरव बढ़ाया है।

### शराब दुकान के पास खड़ी ई-रिक्शा पार

**रायपुर, 7 मई ।** गोकुल नगर शराब दुकान के पास खड़ी ई-रिक्सा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सौम्या बाजपेयी 38 वर्ष सिमरन सिटी फेस 3 मठपुरैना की रहने वाली ऴै।बताया जाता है कि प्रार्थिया अपनी ई-रिक्सा क्रमांक सीजी 04 पीएफ 1121 को शराब दुकान के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए रिक्सा की कीमत करीब 70 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायपुर, 7 मई ।** माना बस्ती नहर पुलिया के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो युवक घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक संजू निर्वान्स 25 वर्ष अपने दोस्त ईरफान और आरीफ के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 डीएक्स 9648 से कहीं जा रहा था, तभी माना बस्ती नहर पुलिया के पास कार क्रमांक सीजी 04 केवाय 9775 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में संजू निर्वान्स की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवारों की मौत

**रायपुर, 7 मई ।** ग्राम उल्बा रोड नर्सरी के पास पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक घायल है। मामले में अभनपुर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुरूद धमतरी निवासी मृतक विश्राम धीवर 50 वर्ष अपने रिश्तेदार छबिलाल धीवर 55 वर्ष और लकेश धीवर के साथ बाइक क्रमांक सीजी 05 एजे 1491 से कहीं जा रहा था। तभी ग्राम उल्बा रोड नर्सरी के पास पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 05 डब्लू 3390 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में विश्राम और छबिलाल की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### तापमान बढ़ने से शीतल पेय पदार्थों एवं फलों की मांग बढ़ी

**रायपुर, 7 मई ।** धीरे धीरे तापमान में वृद्धि होते हुए दिखाई दे रही है जिसका सर्वाधिक असर राजधानी के लोगों के समूहों का ठंडे पेय पदार्थों की दुकानों में पहुंचना है। गर्मी में प्रयुक्त होने वाले पेय पदार्थ यथा शरबत , आमरस, लस्सी, छाछ, विभिन्न कंपनियों के पेय पदार्थ के साथ ही कलिंदर, तरबूज, ककड़ी, लिची आदि की दुकानों में खरीददारी करते हुए लोग दिखाई दिये। चिकित्सक डॉ. चंद्रमणी तिवारी के अनुसार ठंडे पदार्थों का सेवन शरीर में पैदा होने वाली अतिरिक्त ऊर्जा को सोखता है। लोगों को लू से बचने के लिए सिर एवं कानों को बचाने के लिए स्कार्फ, गमछा आदि बांधकर कामकाज के क्षेत्रों में जाना चाहिए। डॉ. तिवारी के अनुसार आने वाले समय में इस बार भीषण गर्मी पड़ने वाली है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते सिर्फ छग ही नहीं बल्कि पूरी विश्व की जलवायु में अचानक परिवर्तन हो रहे हैं। प्रकृति में असंतुलन आने वाले समय में लोगों के लिए घातक सिद्ध होगा।

### कारीगरों व बुनकरों के उत्पादन मिलेंगे

**रायपुर 7 मई।** गर्मी की तपनबढ़ने के साथ, अमेज़ॅन इंडिया ग्रेटसमर सेल के साथ वापस आ गयाहै। यहां आपको मिलती है शानदार डील्स और ऑफर्स के साथ कस्टमर्स आईसीआईसीआई बैंक, बॉबकार्ड और वनकार्ड क्रेडिट/डेबिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआईट्रांजैक्शन पर 10% इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट के अलावा ढेर सारेअफोर्डेबल फाइनेंस ऑप्शन; डेबिट और क्रेडिट कार्ड और बजाज फिनसर्व परनो-कॉस्ट ईएमआई,एक्सचेंज ऑफर, अन्य प्रमुखक्रेडिट/डेबिट कार्ड पर आकर्षक ऑफर और भी बहुत कुछ पा सकते हैं ।इस साल, कस्टमर्स को कारीगरों एवं बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टार्ट-अप, ब्रांड और लोकल नेबरहुड स्टोर्स के साथ स्मार्टफोन,कंज्यूमर्स इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रोसरी, फैशन एंड ब्यूटी एसेंशियल्स, होम एंड किचन, बड़े एप्लायसेंस, टीवी एवं अन्य कैटेगरी मेंविक्रेताओं के लाखों प्रोडक्टपर बेहतरीन डील्स मिलेगी।

# मतदाता सूची में नाम गायब एवं पता गलत होने से मतदाता परेशान

## मतदान केंद्रों में मतदाता अपना नाम खोजते रहे

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 7 मई।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को पर्ची नहीं मिलने, सूची में नाम गायब होने तथा विलोपन के पश्चात अन्य स्थानों में नाम नहीं जुड़ने से काफी परेशानी हुई। आज रायपुर लोसकभा में भाजपा के अलावा संघ के कार्यकर्ता भी मतदान केंद्रों में सक्रिय देखे गए जो कि चर्चा का विषय रहा।

रायपुर सहित सात लोकसभा क्षेत्रों में आज सुबह से ही मतदान शुरू हो गया। जिन मतदाताओं के पास मतदाता पर्ची थी वे आधार कार्ड, पैन कार्ड लेकर पहुंचे थे। जो मतदाता मोबाइल लेकर गए थे उन्हें स्वीच ऑफ करने अथवा इसे घर में छोड़कर आने की हिदायत दी गई। लेकिन बाद में कार्यकर्ताओं द्वारा आपत्ति किए जाने पर मोबाइल ले जाने की अनुमति दे दी गई। मतदान केंद्रों में दिव्यांगजनों के लिए व्यापक व्यवस्था की गई थी। ऐसे मतदाता जिन्होंने अपना वार्ड अथवा मोहल्ला बदल दिया है उन्होंने अन्य वार्डों में अपना नाम जोड़ने के



लिए बीएलओ को आवेदन दिया था लेकिन उनका नाम नहीं जुड़ पाया जिससे वे काफी परेशान हो गए। समता-चौबे व नगर निगम कालोनी के लोग टाटीबंध स्थित नई कालोनियों में चले गए हैं। भाठागांव विधानसभा रोड में नवनिर्मित कालोनियों में भी कई परिवार नया मकान लेकर बस गए हैं। इसलिए ऐसे लोग पुराने वार्डों में अपना नाम खोजते रहे। राजनीतिक दलों के कार्यकत्राओं ने घर-घर जाकर पर्ची बांटी लेकिन नगर निगम के कर्मचारी सही पता एवं जानकारी के अभाव में पर्ची नहीं बांट पाए। वार्ड विभाजन के आधार पर भी नए मतदान केंद्र बना दिए गए थे जिससे लोग इधर-उधर भटकते रहे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार मतदाता सूची फ्रीज कर दी गई है। अब इसमें कोई विलोपन या नाम जोड़ने की कार्रवाई नहीं हो सकती। बेवकॉस्टिंग के माध्यम से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने आधे से अधिक मतदान केंद्रों, मतदान की स्थिति का जायजा सीईओ ने लिया। भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारी समय-समय पर मतदान की स्थिति की जानकारी लेते रहे। आज मतदान होने के बाद शाम को ईवीएम को इंजीनियरिंग कालेज सेजबहार में विशेष सुरक्षा के तहत रख दिया जाएगा। राजधानी के सभी मतदान केंद्रों में पुलिस के व्यापक इंतजाम किए गए थे। ज्ञात रहे रायपुर में 6 लाख से अधिक मतदाताओं ने पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं किया था इसलिए कलेक्टर गौरव सिंह ने लोगों से अपील की थी कि वे बड़ी संख्या में मतदान करें। विभिन्न व्यावसायिक संगठनों ने भी मतदान करने वालों को आकर्षक ऑफर दिए थे।

# मतदान के बीच श्रीराम मंदिर पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय, दर्शन किए

**रायपुर 7 मई।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 सीटों में वोटिंग शुरू हो गई. वहीं छत्तीसगढ़ की 7 लोकसभा सीट रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, रायगढ़, सरगुजा और जांजगीर-चांपा में वोट डाले जा रहे हैं. सात लोकसभा सीटों में 168 प्रत्याशी मैदान पर हैं. इसी बीच सीएम विष्णुदेव साय श्रीराम मंदिर पहुंचे हैं. सीएम विष्णुदेव साय ने श्रीराम मंदिर पहुंचकर प्रभु श्रीराम के किए दर्शन हैं. श्रीराम मंदिर दर्शन के बाद सीएम साय जशपुर के



लिए रवाना होंगे. निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार छत्तीसगढ़ की 7 सीटों पर अब तक 13.24 % मतदान हुआ है. अब तक रायपुर में सबसे कम 9.78 % मतदान हुआ है. वहीं सबसे ज्यादा मतदान रायगढ़ में 18.05 % हुआ है।

### विधायक अनुज शर्मा की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**रायपुर 7 मई।** छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण के मतदान के प्रति लोगों का भरपूर उत्साह दिख रहा है। लोकतंत्र के महापर्व में लोग बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। रायगढ़ में सबसे ज्यादा लोगों ने अभी तक मतदान किया है। इस चुनाव में हर वर्ग के लोगों का उत्साह दिख रहा है। बुजुर्ग से लेकर विकलांग तक हर कोई अपने अधिकार के प्रति जागरूक दिख रहा है। इस कड़ी में भाजपा विधायक व सिने अभिनेता अनुज शर्मा ने भी मतदान के प्रति अनुकरणीय पहल की है। अनुज शर्मा की तबीयत खराब थी, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, बावजूद अनुज ने लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझी। डाक्टरों की सलाह और अनुमति पर अनुज शर्मा अस्पताल से सीधे मतदान केंद्र पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हालांकि मतदान केंद्र से बाहर निकलते ही उनकी तबीयत फिर से बिगड़ गयी। उन्हें लगातार वोमेटिंग होने लगी, जिसके बाद उन्हें फिर से मतदान के बाद वो वापस अस्पताल ले जाया गया। दरअसल पिछले कुछ दिनों से अनुज शर्मा को डिहाईड्रेशन की समस्या थी। उनकी तबीयत खराब हो रही थी, ज्यादा बिगड़ी तबियत को देख अनुज शर्मा को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के बाद उनकी स्थिति सामान्य है।



### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने डाला वोट



**रायपुर 7 मई।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज सुबह रायपुर के धरमपुरा पूर्व माध्यमिक शाला स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया. उन्होंने और उनकी मां अनिता बाबासाहेब कंगाले ने आम मतदाताओं की तरह लाइन में लगकर मतदान किया. वे मतदान शुरू होने के 15 मिनट पूर्व ही अपने मतदान केंद्र पहुंच गई थीं. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने मतदान केंद्र में मतदाताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा भी लिया. धरमपुरा पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं. रीना बाबासाहेब कंगाले ने इस दौरान लोगों से अपने परिवार के सभी मतदाताओं सहित मतदान अवश्य करने की अपील की. उन्होंने लोकतंत्र के इस त्योहार में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी के लिए 'छोड़कर सारे काम सबसे पहले करें मतदान' का संदेश दिया।

### मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने अपनी धर्मपत्नी के साथ किया मतदान

**रायपुर 7 मई।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज सुबह अपनी पत्नी रितु जैन के साथ देवेन्द्र नगर आफिसर्स कॉलोनी स्थित आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 52 में मतदान किया। मुख्य सचिव जैन ने मतदान करने के उपरांत अपनी उंगली में लगे अमिट स्याही का निशान दिखाते हुए कहा कि लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी नागरिकों को निर्भीक, स्वतंत्र और निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए।



# उद्योग मंत्री लखनलाल और राजेश मूणत ने किया मतदान

**रायपुर 7 मई।** छत्तीसगढ़ में आज 7 मई लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान जारी है। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा के कोहड़िया स्कूल में और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने रायपुर के चौबे कॉलोनी में अपने-अपने परिवार के साथ मतदान किया। इस दौरान मंत्री लखनलाल ने सरोज पाण्डे की प्रचंड जीत का दावा किया, तो रायपुर विधायक ने कांग्रेस नेता विकास उपाध्याय के वायरल मैसेज का जमकर पलटवार किया है।

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने वोट देने के बाद सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का सदुपयोग करते हुए सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत की नींव रखने की अपील की है। उन्होंने कहा- एक ऐसी सरकार का चयन करें जो देश के विकास, सीमा की सुरक्षा, हमारी विरासतों के संरक्षण और राष्ट्रहित में दृढ़ निर्णय लेने की क्षमता रखती हो। आपका प्रत्येक वोट विकसित भारत की दिशा में एक मजबूत कदम होगा।

उन्होंने आगे कहा- इस अवसर पर उन्होंने कहा की कोरबा लोकसभा में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। कोरबा विधानसभा में भाजपा की सबसे बड़ी लीड रहेगी। सरोज पांडेय प्रचंड वोटो से जीत दर्ज़ करने जा रही हैं। प्रदेश की जनता मोदी जी के गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन पर मुहर लगाने जा रही है।

वहीं विधायक राजेश मूणत ने इस मौके पर कहा- इस बार फिर कमल खिलेगा। सभी का बटन कमल पर दबेगा। विकास की गति बढ़ेगी। मोदी जी एक बार फिर



प्रधानमंत्री बनेंगे। लोग अपने घर से निकल रहे हैं, मौसम भी साथ दे रहा है। जनता भी साथ दे रही है।

विकास उपाध्याय के द्वारा वायरल मैसेज को लेकर राजेश मूणत ने कहा कि, कि अगर कोई समाज सेवी संस्थाएं कुछ कर रही हैं। कोई पंडाल लगा रहा है, कोई जूस पिला रहा है, या मान लीजिए कोई कुछ कर रहा है। तो गलत काम कर रहा है क्या ? नेगेटिव थॉट के बारे में पहले 42 से हारे हुए हैं, उससे उभर नहीं पा रहे हैं। यह कांग्रेस प्रत्याशी है, राष्ट्रीय सचिव है, कांग्रेस पार्टी ने उसे अकेला छोड़ दिया है। आश्चर्य लगाता है, जिसके पंडाल में कोई आदमी नही बैठा है, उसके कार्यकर्ता भी नही हैं।

रायपुर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने बीजेपी और रायपुर कलेक्टर पर आरोप लगाते हुए एक ऑडियो मैसेज जारी किया है, जो काफी ज्यादा वायरल हुई है।

विकास उपाध्याय ने इस मैसेज में कहा है कि, बीजपी और जिला कलेक्टर द्वारा बहुत सारे बूथों पर सामाजिक संस्था के आड़ में बहुत सारे भाजपा कार्यकर्ता बूथ में नींबू पानी और शर्बत बांट रहे हैं और भाजपा प्रत्याशियों को वोट देने के लिए जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। जो कि आचार संहिता का उल्लंघन हैं। मेरा आप सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से निवेदन हैं कि जिस भी बूथ में ऐसी स्थिति निर्मित होती हैं, वहाँ सख्त विरोध करिए।

वहीं वोट डालने के बाद विधायक मूणत ने कहा- चाय की चर्चा पर आज विराम लग रहा है, शाम तक लोग वोट डालकर चले जाएंगे। 8 तारीख के बाद डेवलपमेंट पर चर्चा करेंगे कि, किस प्रकार से विकसित भारत की ओर बढ़ना चाहिए। जनता ने जिस गारंटी के साथ छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनाई है, उसकी प्रगति को आगे बढ़ाने और विकास की गति को आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा होगी। इस बार 5 लाख पार वोट बीजेपी में पड़ेंगे।

### रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह ने पत्नी के साथ किया मतदान

**रायपुर 7 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने बीपी पुजारी स्कूल में पहुँचे और सबसे पहले मतदान किया। साथ में उनकी पत्नी डॉ. सुनीता सिंह ने भी अपने मताधिकार का मतदान किया। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश की 10, गुजरात की 25, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, मध्?यप्रदेश की नौ, असम की चार, बिहार की पांच, छत्तीसगढ़ की सात, पश्चिम बंगाल की चार, दमन दीव और दादरा एवं नगर हवेली की दो सीटों पर मतदान है।तीसरे चरण का रण खासा दिलचस्प है, क्योंकि इसमें 10 केंद्रीय मंत्रियों और चार पूर्व मुख्यमंत्री समेत कई दिग?गजों की साख दांव पर लगी है। तीसरे चरण के लिए रायपुर में वोटिंग शुरू हो गई है। लोग सुबह से मतदान केंद्र पर पहुंच रहे हैं। डूमरतराई मतदान केंद्र संख्या 243 में 7ः00 बजे के पहले ही मतदाताओं की लंबी लाइन लग गई।ट्रांस जेंडर कांस्टेबल सबूरी शंकर रायपुर के बूथ क्रमांक 243 में मतदान करने के लिए व्यवस्था में लगी हैं।





रायपुर 7 मई। भाजपा के चुनाव संयोजक एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने अपने गृह ग्राम खोला के मतदान केंद्र क्रमांक 113 में मतदान किया ।

### अधिकारियों ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

**रायपुर, 7 मई ।** लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तीसरे चरण अंतर्गत अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, अपर मुख्य सचिव श्री मनोज पिंगुआ ने पत्नी एवं पुत्री के साथ, सचिव डॉ एस.भारतीदासन ने अपनी पत्नी के साथ तथा सचिव श्री हिमशिखर गुप्ता ने देवेंद्र नगर ऑफिसर्स कालोनी स्थित आदर्श मतदान केंद्र-52 में मतदान किया। मतदान उपरांत अधिकारिओं ने उंगली में लगे अमिट स्याही का निशान दिखाते हुए सभी नागरिकों से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की।

आवश्यकता है

शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।

संपर्क करें -98261 74789

# अंतागढ़ टेप कांडःहाईकोर्ट ने मंतूराम की याचिका को किया निराकृत

■ प्रदेश के कई बड़े नेताओं पर था मामला दर्ज

**रायपुर 7 मई।** अंतागढ़ टेप कांड मामले में हाईकोर्ट ने मंतूराम पवार की याचिका निराकृत कर दी है. मामले की सुनवाई के दौरान शासन की तरफ से पैरवी कर रहे महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने कोर्ट को बताया कि इस केस में दर्ज एफआईआर का खारिज खात्मा हो चुका है. केस में बीजेपी के पूर्व मंत्री राजेश मूणत, दिवंगत अजीत जोगी, उनके बेटे अमित जोगी, पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के दामाद पुनीत गुप्ता, मंतूराम पवार पर धोखाधड़ी और पैसों के प्रलोभन और भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं के तहत जो मामला पंडरी थाने में दर्ज किया गया था. मामले में जांच पूरी करने के बाद क्लोजर रिपोर्ट भी दाखिल हो चुकी है.



मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद जस्टिस रजनी दूबे और जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने याचिका निराकृत कर दी.

बता दें कि साल 2014 में अंतागढ़ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने मंतूराम पवार को प्रत्याशी बनाया था. ऐन वक्त पर उन्होंने नाम वापस लेकर भाजपा प्रत्याशी को वॉक ओवर दे दिया था. इस बीच एक सीडी सामने आई, जिसमें कथित तौर पर तत्कालीन कांग्रेस विधायक अमित जोगी, तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के दामाद डॉ. पुनीत गुप्ता आदि के बीच बातचीत में सात करोड़ रुपये की डील की बात सामने आई. इस मामले में कांग्रेस ने उसी समय एफआईआर दर्ज कराने के लिए पुलिस थाने में शिकायत की, लेकिन मामला दर्ज नहीं किया गया था. इधर वर्ष 2018 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एसआइटी जांच शुरू करा दी थी. इस मामले में कांग्रेस संगठन ने मुकदमा भी दर्ज कराया था. शिकायत में बताया गया कि कांग्रेस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए पूर्व सीएम अजीत जोगी, तत्कालीन मंत्री राजेश मूणत, तत्कालीन विधायक अमित जोगी और लोक सेवक डॉ. पुनीत गुप्ता ने साजिश रची थी. कांग्रेस प्रत्याशी को प्रलोभन देकर नाम वापस कराया, बाद में मंतूराम पवार भाजपा में शामिल हो गए थे. लेकिन राज्य में बीजेपी सरकार आने के बाद अब केस बंद कर दिया गया।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26